दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 173
कोटद्वार शनिवार
22 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## पीएम मोदी ने बदरी-केदार में टेका मत्था, कहा सीमान्त से बहेगी समृद्धि की बयार

# प्रधानमंत्री ने 3400 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**◆गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब दो नई रोपवे सहित दो सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं की रखी आधारशिला**

**◆देशवासी यात्रा खर्च का पांच प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करने का संकल्प लें**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में मथा टेकर सबकी सुख एवं समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री ने सीमा पर स्थित उत्तराखण्ड के माणा गांव में आयोजित कार्यक्रम में 3400 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब दो नई रोपवे परियोजनाओं सहित दो सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं, माणा से माणा पास (एनएच-07) और जोशीमठ से मलारी (एनएच-107बी) शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने माणा गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि माताओं व बहनों ने बहुत अच्छा काम किया है। पैकेजिंग वगैरह से मन प्रसन्न हो गया। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र करते हुए देशवासियों से आग्रह किया कि जहां भी जाएं एक संकल्प करें कि यात्रा पर जितना भी खर्च करते हैं उसका कम से कम 5 प्रतिशत वहां के स्थानीय उत्पाद खरीदने पर खर्च करें। इन सारे क्षेत्रों में इतनी रोजी रोटी मिल जायेगी कि आप कल्पना भी नही कर सकते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड काल में कोरोना की वैक्सीन पहाड़ों तक पहुंचाई गई। इसमें उत्तराखण्ड और हिमाचल में बेहतर काम किया गया। गरीब कल्याण योजना में उत्तराखण्ड के लाखों लोगों को लाभ मिला। डबल इंजन सरकार ने होम स्टे और स्किल डेवलपमेंट से युवाओं को जोड़ा है। पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं को एनसीसी से जोड़ रहे हैं। विकास कार्यों में तेजी आई है। पर्यटन का विस्तार हो रहा है। जल जीवन मिशन से गांवों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मल्टी मॉडल कनेक्टीवीटी प्रदान करने के लिये काम किया जा रहा है। सागरमालाए भारतमाला की तरह अब पर्वतमाला परियोजना पर काम होने जा रहा है। रोपवे पर बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। बॉर्डर के गांवों में चहल पहल बढ़नी चाहिए। विकास जीवन का उत्साह होना चाहिए। जो कभी गांव छोड़कर गये है, उनका वापस लौटने का मन करे, हमें ऐसे जिंदा गांव बनाने हैं। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा माणा को भारत के अन्तिम गांव की बजाय देश का पहला गांव कहे जाने पर मुहर लगाते हुए कहा कि अब तो मेरे लिये भी सीमाओ पर बसा हर गांव देश का पहला गांव ही है। पहले जिन इलाकों को देश के सीमाओं का अंत मानकर नजर अंदाज किया जाता थाए हमने वहां से देश की समृद्धि का आरंभ मानकर शुरू किया। लोग माणा आएं, यहां डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ले0ज0 गुरमीत सिंह (सेनि) कैबिनेट मंत्री डा0 धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद तीरथ सिंह रावत, उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना करने के लिए जाते हुए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से स्थानीय उत्पाद के बारे में जानकारी लेते हुए।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

### विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ है, पहला अपनी विरासत पर गर्व और विकास के लिए हर संभव प्रयास। उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तम्भों को मजबूत कर रहा है। आज मुझे दो रोपवे के शिलान्यास का मौका मिला है। इससे केदारनाथ और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करना और आसान हो जायेगा। इन रोपवे से काम करने वाले लोगों पर देश के 130 करोड़ लोगों का आशीर्वाद बरसने वाला हैं। श्रमिकों और एवं इंजीनियरों से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि वे भगवान का काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इन काम में लगे मजदूरों का ध्यान रखने का आग्रह किया।

### 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज बाबा केदार और बाबा बद्रीविशाल के दर्शन करके उनका आर्शीवाद प्राप्त करके जीवन धन्य हो गया है तथा यह पल पल मेरे लिये चिरंजीवी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के सानिध्य में, बाबा के आदेश से, बाबा की कृपा से पिछले बार जब मैं आया था तो कुछ शब्द मेरे मुंह से निकले थे कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का है। मैं आप सभी को बताना चाहुंगा कि वह शब्द मेरे नहीं थे, वे शब्द बाबा के आशीर्वाद से मेरे मुख से निकले थे। आज मैं आप सभी के बीच इन नई परियोजनाओं के साथ फिर वही संकल्प दोहराने आया हू।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव उत्तराखण्ड के विकास को प्राथमिकता दी : सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री जैसे महामुनि का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। जिनके विचारों से सम्पूर्ण विश्व लाभान्वित हो रहा है। साथ ही हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम उस महान यात्रा के सहयात्री हैं जिस यात्रा का गंतव्य भारत को पुनः विश्व गुरू बनाना है। प्रधानमंत्री एक तपस्वी की भांति किस प्रकार से नए भारत के निर्माण की अग्नि को सफलतापूर्वक प्रज्जवलित किये हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सदैव उत्तराखंड के विकास को प्राथमिकता दी है और उनके नेतृत्व में उन्नति और उत्थान की एक अभूतपूर्व गाथा देवभूमि में लिखी जा रही है। वर्ष 2013 की उस अति भयावह त्रासदी के बाद का, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सर्वप्रथम आपने ही उत्तराखंड की सहायता के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज अभूतपूर्व रूप से भारत का सांस्कृतिक उत्थान हो रहा है। सनातन संस्कृति का परचम विश्व में लहरा रहा है और हमारी आस्था के केन्द्रों का इतिहास और महत्व उसी गौरव के साथ प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसके साथ इसे किया जाना चाहिए था। चाहे श्री राम मंदिर का निर्माण हो, बाबा विश्वनाथ मंदिर का अविस्मरणीय पुनरोद्वार हो, केदारपुरी व बद्रीनाथ पुरी का पुर्ननिर्माण व सौन्दर्यीकरण हो या हाल ही में राष्ट्र को समर्पित श्री महाकाल लोक हो। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अस्मिता के प्रतीकों व सांस्कृतिक धार्मिक, धरोहरों को जिस प्रकार से संरक्षित व संवर्धित किया जा रहा है उसकी शब्दों में व्याख्या संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह स्वर्णिम कालखंड भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना के पुनरोत्थान का कालखंड है। आधुनिकता के संतुलित समावेश के साथ आज सनातन संस्कृति का वैभव पुनर्जीवित हो रहा है तथा भारत पुनः विश्वगुरु के स्थान पर स्थापित हो समूचे विश्व का मार्गदर्शन करने के लिये तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व के समक्ष जो भी समस्याएं हैं उनके समाधान के लिये सभी विश्व शक्तियां भारत की ओर देख रही हैं तथा भारत की नीतियों का अनुसरण कर रही हैं। यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि कोरोना की गंभीर मार के बावजूद आज भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल मजबूत बनी हुई है बल्कि कई विकसित देशों से बेहतर प्रदर्शन भी कर रही है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, सामरिक मोर्चे पर भी बेहद स्पष्ट है। आज किसी दुश्मन की हिम्मत नहीं है कि वो भारत की तरफ आंख उठा कर भी देख ले। आज जहां एक ओर सेना आधुनिक हथियारों से सुसंपन्न हो रही है, सैनिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं वहीं दूसरी ओर रक्षा क्षेत्र में धीरे-धीरे भारत की भूमिका आयातक की जगह निर्यातक की बन रही है। सेना के इस सशक्तिकरण से हमारा उत्तराखंड सर्वाधिक लाभान्वित हुआ है। आज सेना में अपनी सेवा दे रहा देवभूमि का प्रत्येक जवान इस बात से निश्चिंत है कि उसके परिवार का ख्याल रखने के लिए देश व प्रदेश में डबल इंजन की राष्ट्रवादी सरकारें हैं।

### आस्था के केंद्र हमारे लिये प्राणशक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता ने लोगों को ऐसा जकड़ा हुआ है कि प्रगति का हर कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। विदेशों में संस्कृति से जुड़े ऐसे कार्यों की तारीफे की जाती थी और भारत में नहीं। गुलामी की मानसिकता ने हमारी पूजनीय आस्था स्थलों को जर्जर स्तर पर ला दिया था। दशकों तक हमारे धार्मिक स्थलों की अवहेलना हुई।

आस्था के यह केन्द्र सिर्फ ढ़ांचा नहीं बल्कि हमारे लिये यह प्राणशक्ति है। वह हमारे लिये ऐसे शक्तिपूंज है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हमें जीवंत बनाये रखते हैं। आज अयोध्याए काशी, उज्जैन अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर रहे है।

केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम को श्रद्धा के साथ आधुनिकता से जोड़ा जा रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है, गुजरात के पावागढ़ में मां काली के मंदिर से लेकर देवी विंध्यांचल कोरिडोर तक भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान का आह्वान कर रहा है। आस्था के इन स्थलों पर पहुंचना हर श्रद्धालु के लिए सुगम एवं आसान हो गया है। विश्वास है कि देश की नई पीढ़ी के लिए भी यह श्रद्धा का आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। अब हमारे दिव्यांग साथी भी दर्शन कर रहे हैं। गिरनार में जब रोपवे बनाया तो 80 साल के बुजुर्ग भी यात्रा करने लगे, कई लोगों ने मुझे चिटठी भेज कर धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमजीवियों के साथ मुलाकात कर उनका हौंसला बढ़ाया

### मंदाकिनी एवं सरस्वती आस्था पथ पर किया विकास कार्यो का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री केदारनाथ धाम में रुद्राभिषेक कर सबकी सुख एवं समृद्धि की कामना की। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद 6वीं बार बाबा केदार के धाम पहुंचे। उन्होंने आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि स्थल पर पहुंचकर दर्शन

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रोपवे का शिलान्यास किया। 1267 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 9.7 किमी. के इस रोपवे के बनने से श्रद्धालुओं को बाबा केदार के दर्शन के लिए सुगमता होगी। गौरीकुंड से श्री केदारनाथ पहुंचने में अभी श्रद्धालुओं को 6 से 7 घंटे लगते हैं, इस रोपवे के बन जाने से यह यात्रा सिर्फ आधा घंटे में पूरी हो जाएगी। बाबा केदारनाथ की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री ने देशवासियों के मंगल और स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर में पूजन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में नंदी का आशीर्वाद प्राप्त कर, इसके बाद मंदिर की परिक्रमा की। प्रधानमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पहुचें श्रद्धालुओं का अभिवादन कर जय बाबा केदार का जयकारा लगाया। इसके बाद मंदाकिनी आस्था पथ एवं सरस्वती आस्था पथ पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्री केदारनाथ में चल रहे विभिन्न पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों में लगे श्रमजीवियों के साथ बैठकर उनसे मुलाकात की और उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, विधायक श्रीमती शैला रानी रावत, मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू, आईजी इंटेलिजेंस एपी अंशुमन, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग मयूर दीक्षित, एसपी आयुष अग्रवाल, तीर्थ पुरोहित विनोद शुक्ला, लक्ष्मी नारायण, कुबेर नाथ, जिलाध्यक्ष भाजपा दिनेश उनियाल, भाजपा कार्यसमिति सदस्य दिनेश बगवाड़ी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र बर्त्वाल, भाजपा जिला महामंत्री अनूप सेमवाल आदि उपस्थित थे।

### आस्था केंद्रों के पुनर्निर्माण से पहाड़ में ईज ऑफ लिविंग

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की देवभूमि, इस परिवर्तन का साक्षी बन रहे हैं। डबल इंजन की सरकार बनने से पहले एक सीजन में ज्यादा से ज्यादा 5 लाख श्रद्धालु आया करते थे अब इस सीजन में यह संख्या 45 लाख हो गई है। आस्था और आध्यात्मिकता के पुनर्निर्माण का एक और पक्ष है। पहाड़ के लोगों के ईज ऑफ लिविंग का, उनके रोजगार का, जब पहाड़ में रोड, रेल और रोपवे पहुंचते तो अपने साथ रोजगार लेकर आते हैं और पहाड़ का जीवन भी शानदार, जानदार और आसान बना देते हैं। अब तो हमारी सरकार ड्रोन का उपयोग सामान ढोने में भी करने की योजना पर काम कर रही है। इससे पहाड़ के लोगों को अपने फल और सब्जी बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।



## बाघ का शिकार करने पहुंचे तीन आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व फारेस्ट वन प्रभाग की पाखरो रेंज में वन विभाग की टीम ने तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बंदूक सहित अन्य हथियार बरामद हुए हैं।

वन विभाग की पाखरो रेंज में वन क्षेत्राधिकारी मथुरा प्रसाद मेवाड़ी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गश्त पर थी। गश्त के दौरान रेंज की कक्ष संख्या तीन में विभागीय टीम को एक जीप नजर आए। विभागीय टीम ने जीप को रोक तलाशी ली। तलाशी के दौरान जीप से एक बंदूक, कारतूस चाकू सहित अन्य सामान मिला। विभागीय टीम ने जीप में सवार तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। सूचना मिलते ही प्रभागीय वन अधिकारी प्रशांत कुमार आर्य मौके पर पहुंचे और शिकारियों से पूछताछ की।

### वन्य जीव अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज

डीएफओ प्रशांत कुमार आर्य ने बताया कि पकड़े गए शिकारी जनपद बिजनौर व मेरठ के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपितों में मेरठ के अंतर्गत कशरेकाजिम-257 (कोटला) निवासी सैयद जफर याब अल जैदी, जनपद बिजनौर के अंतर्गत मोहल्ला नौमी (बढ़ापुर) निवासी फहीम व इंतजार शामिल है। बताया कि तीनों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। साथ ही जीप सहित बरामद सामान को सीज कर दिया गया है। पूछताछ में शिकारियों ने क्षेत्र में बाघ का शिकार करने की योजना बनाने की बात



### डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा

## कोरोना का सब-वैरिएंट एक्सबीबी ज्यादा खतरनाक

**पुणे, एजेंसी।** भारत में कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट के बढ़ते मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने शुक्रवार को कहा कि काविड-19 के 300 से अधिक वैरिएंट मौजूद हैं और इसके नए वैरिएंट ग्ठठ का होना चिंता का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड का नया वैरिएंट ग्ठठ ज्यादा खतरनाक है।



उन्होंने पुणे में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, ओमिक्रोन के 300 से ज्यादा सब वैरिएंट मौजूद है। मुझे लगता है कि फिलहाल इसके एक्सबीबी वाला वैरिएंट का होना चिंताजनक है। यह वायरस रिकोबिनेंट वायरस टपतने है। हालांकि इससे पहले भी इस तरह के वायरस देखे गए हैं। यह वायरस बहुत ही प्रतिरक्षात्मक है और मानव शरीर में मौजूद एंटीबाडी को कम कर सकता है, जिसके कारण हमें विश्व के कुछ देशों में संक्रमण की एक और लहर देखने को मिल सकता है।

स्वामीनाथन ने एसबीबी के अन्य प्रकार पर नजर रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा,हम बी। .5 और बी।.1 के डेरिवेटिव पर भी नजर बनाए हुए हैं, जो अधिक संक्रामक होने के साथ-साथ ज्यादा घातक भी है। यह वायरस विकसित होने के साथ ही काफी तेजी से फैलने लगता है।

# वाहनों का संकट, यात्री मनमाना किराया देने को मजबूर

ऋषिकेश : चारधाम यात्रा और दीपावली पर्व के चलते वाहनों का संकट पड़ने लगा है। शुक्रवार को यात्री वाहन का इंतजार करते देखे गए। लोकल बस संचालकों ने विभिन्न रूटों पर अतिरिक्त बसें संचालित कर संकट दूर करने का प्रयास किया। लेकिन यात्रियों का दबाव बढ़ने से वाहन कम पड़ गए। लोग मजबूरी में मनमाना किराया देकर गंतव्य को रवाना हुए।

ारधाम यात्रा इन दिनों चरम पर है। ऐसे में दीपावली पर्व के चलते पहाड़ जाने वाले यात्रियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। इसकी बानगी शुक्रवार को संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर देखने को मिली। बस अड्डे पर बस लगते ही उसमें चढ़ने को मारामारी रही। पौड़ी, चमोली, टिहरी और उत्तरकाशी रूट पर अधिक दबाव रहा। इन दिनों ऋषिकेश से बड़ी संख्या में यात्री चारधाम जा रहे है। जिस कारण बसें यात्रा रूट पर ही अधिक संचालित हो रही है। ऐसे में बसें न मिलने से लोकल सवारियों के सामने संकट खड़ा होता दिख रहा है। मजबूरी में यात्री छोटे वाहनों में मनमाना



किराया देकर जाने को विवश हैं। विभिन्न कंपनियों की 135 से अधिक बसें प्रतिदिन पहाड़ के विभिन्न रूटों पर संचालित होती है। शुक्रवार को करीब 142 बसें विभिन्न रूटों पर चलाई गई। पौड़ी जा रहे यात्री पूरण सिंह कहते है कि वह दिल्ली के एक होटल में काम करते है। दीपावली त्योहार पर वह घर जा रहे हैं। शुक्रवार को वह सुबह 10 बजे से वाहन का इंतजार कर रहे हैं। बस के अड्डे पर पहुंचते ही उसमें सवार होने को मारामारी हो रही है, चूंकि उनके छोटे बच्चे भी उनके साथ है। इसलिये बस में जगह न मिलने पर वह छोटे वाहन की तलाश कर रहे है। चमोली जा रहे जोगेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्हें कर्णप्रयाग जाना है, लेकिन बस में भीड़ अधिक हो रही है। इसलिये मजबूरी में वह छोटे वाहन से रवाना हो रहे हैं। शहर में भीड़ के चलते वाहन न मिलने पर यात्री भोजन, पानी के लिये भी परेशान रहे। खासकर बाजार में भीड़ के चलते उन्हें दिक्कत आई। यातायात कंपनी के अध्यक्ष मनोज ध्यानी का कहना है कि इन दिनों चारधाम के साथ दीपावली पर्व पर यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिसके चलते विभिन्न रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई गई है। शुक्रवार को भी चमोली, पौड़ी और टिहरी रूट पर अधिक बसें चलाई गई हैं। शनिवार को भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। (एजेन्सी)

## लोक अदालत के निर्देश पर सरकारी दस्तावेजों में चढ़ा नाम

देहरादून। स्थाई लोक अदालत के निर्देश पर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी ने पीड़ित परिवार का नाम उनके भूमि दस्तावेजों में दर्ज किया है। अनिल खरोला ने अदालत में अपील की। कहा कि उसके परिवार के सदस्यों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने के बजाए गलत तरीके से खारिज किया गया है।

उसने कई बार विभाग से प्रत्राचार किया। सुनवाई नहीं होने पर उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत में सुनवाई में विभाग ने अपनी गलती मानते हुए पीड़ित के परिवार के लोगों का नाम उसके राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया।

## रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलें दहन किये

नई टिहरी : नरेंद्रनगर में आयोजित 64वीं रामलीला मंचन में गुरुवार रात रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। पुतलों के दहन देखने के लिये नरेन्द्रनगर कस्बे सहित दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचे थे।रामलीला मंचन के दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि नरेन्द्रनगर में वर्षो से रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है, आगे भी रामलीला का मंचन और भव्य तरीके किया जाऐगा। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत होती है। कहा जिस प्रकार रावण का अंहकार नष्ट हुआ उसी प्रकार अहंकार व्यक्ति को समाप्ति की ओर ले जाता है। पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने कहा कि सभी के सहयोग से रामलीला का मंचन संपन्न हुआ है। रामलीला समिति की ओर से रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बनाए गये थे,जिसमें 51 फुट का रावण तथा 20-20 फुट के कुंभकरण व मेघनाथ का पुतले बनाऐ गये थे। रामलीला मंचन को देखने के लिए दूर-दराज से दर्शक नरेन्द्रनगर पहुंचे। रामलीला समिति अध्यक्ष रमेश असवाल ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। रामलीला में भूमिका में पंडित हितेश जोशी, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव रावत, सीता की भूमिका में हिमांशी भंडारी, हनुमान की भूमिका में विकास उनियाल तथा रावण की भूमिका आशीष बिजलवाण ने निभाई। मौके पर राजेंद्र सिंह राणा, सचिव विकास उनियाल, मनोज भंडारी, राजपाल पुंडीर, सुरेश शर्मा, संतोष राणा, अजय पुंडीर, शिवम डियूडी आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

# कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए प्रचार–प्रसार जरूरी

विकासनगर : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ब्लॉक सभागार में ग्रामीणों को अधिकार और कानूनों की जानकारी दी गई। शिविर में उत्तराखंड सेवा का अधिकार 2011, सूचना का अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, भ्रूण हत्या अपराध अधिनियम की जानकारी दी।

शुक्रवार को आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हर्ष यादव ने कहा कि देश में 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण कानून बनाया गया। इसके तहत महिलाओं, बच्चों, असहाय, निशक्त, ट्रांस जेंडर, वरिष्ठ नागरिक, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को कानूनी जानकारी मुहैया कराई जाती है। प्राधिकरण के तहत पैरा लीगल वॉलेंटियर लोगों को कानूनी जानकारी मुहैया कराने के साथ ही अन्य आधिकारिक जानकारी भी देते हैं। न्याय पाने के लिए निशुल्क वकील की व्यवस्था भी की जाती है। उत्तराखंड सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत पैरा लीगल वॉलेंटियर किसी भी अनपढ़ व्यक्ति की सरकारी दफ्तर में सहायता करते हैं। उन्हें अधिनियम के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत जीवन व वैयक्तिक स्वतंत्रता से संबंधित जानकारी 48 घंटे में मुहैया कराने की व्यवस्था है। महिलाओं का संरक्षण कानून की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत घरेलू रिश्ते में रहने वाली महिला को न्यायालय के आदेश पर संरक्षण दिया जाता है। परित्यक्ता को वैकल्पिक आवास, बच्चों के सरंक्षण, भरण–पोषण के साथ ही इस अधिनियम में कोर्ट के किसी महिला को एकमुश्त राशि दिलाने का प्रावधान भी है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए प्रचार–प्रसार पर बल दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मठोर सिंह, भीम सिंह चौहान, रितेश असवाल, समाज कल्याण अधिकारी संदीप नेगी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजीव दीक्षित, थानाध्यक्ष अशोक राठौर, बीडीओ उर्मिला बिष्ट, प्रभा देवी, रेखा चौधरी आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## एमडीडीए ने खांड गांव में किया निर्माणाधीन भवन सील

ऋषिकेश : एमडीडीए प्रशासन का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी है। अब एमडीडीए अवैध निर्माण को सील करने की कार्रवाई में लगा है। शुक्रवार को भी खांड गांव में एक निर्माणाधीन भवन को सील किया गया। एमडीडीए के अधिकारी अवैध निर्माणों के खिलाफ एक्शन में नजर आए।

एमडीडीए के अधिकारियों ने खांड गांव की तरफ रुख किया। उन्होंने बाईपास मार्ग के समीप खांड गांव में हिम्मत सिंह द्वारा बिना नक्शे के कराए जा रहे निर्माण कार्य को सील कर दिया। एमडीडीए के सहायक अभियंता पीपी सिंह ने बताया कि निर्माण करने वाले को पहले भी नोटिस दिए गए, लेकिन निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। यह निर्माण एमडीडीए की बिना स्वीकृति के कराया जा रहा था, जिसको लेकर कार्रवाई की गई है। इस निर्माण को बीती 5 अक्तूबर को सील किया जाना था, लेकिन कुछ कारणों से कार्रवाई नहीं हो पाई थी। चेतावनी दी कि यदि किसी भी प्रकार से सील को छेड़ने की कोशिश की गई, तो संबंधित के खिलाफ पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

ज्ञात हो कि क्षेत्रवासियों की लगातार अवैध निर्माण के खिलाफ शिकायत के बाद एमडीडीए जागा है। बीते कुछ दिनों से शहर में अवैध निर्माण सील किए जा रहे है। (एजेन्सी)

## वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम बेहद जरूरी

ऋषिकेश : एम्स में वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यभर के फार्मासिस्ट और डेटा इंट्री ऑपरेटरों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने वायरल हेपेटाइटिस जांच, इलाज और मेडिकल इंफोरमेशन सिस्टम संबंधित जानकारियां दी। शुक्रवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम बेहद जरूरी है। वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के समन्वयक डा. अजीत सिंह भदौरिया ने प्रशिक्षुओं को देश में वायरल हेपेटाइटिस की समस्या व संबंधित चुनौतियों से अवगत कराया। माइक्रो बायोलॉजी विभाग के डा. वाईपी मथूरिया ने हेपेटाइटिस की स्क्रिनिंग व डायग्नोसिस संबंधी जानकारियां दी। गैस्ट्रो विभागाध्यक्ष डा. रोहित गुप्ता ने वायरल हेपेटाइटिस की विभिन्न उपचार की विधियों के बारे में बताया। कहा कि प्रोग्राम के अंतर्गत हेपेटाइटिस–बी और सी की दवाइयां मुफ्त उपलब्ध हैं। हेपेटाइटिस–सी का संक्रमण इन दवाइयों द्वारा पूर्णरूप से खत्म किया जा सकता है। फार्माकोलॉजी विभाग के डा. पुनीत धमीजा ने राज्य के सरकारी अस्पतालों के फार्मासिस्टों को एंटी वायरल दवाइयों के शरीर में कार्य करने की प्रणाली से अवगत कराया। कहा कि वायरल हेपेटाइटिस की दवाओं को लेने से ज्यादातर मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। सीएफएम विभाग की डा. मीनाक्षी खापरे ने इन्वेंट्री कंट्रोल के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उन्हें एम्स की फार्मेसी में प्रेक्टिकल एक्सपीरियंस दिया गया। मौके पर अधीराज शेखावत, फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, अनूप कृषाली, धीरेंद्र सिंह, उत्तम चंद रमोला, डीपी बहुगुणा के अलावा डेटा इंट्री ऑपरेटर्स केतन, पुष्पा भट्ट, चंद्रकला, आयुषी, शोभित रावत, कलम सिंह, लाल खान, विपिन चौहान, ललित मोहन आदि उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

### नौटियाल बने वन सरपंच अध्यक्ष

उत्तरकाशी : चिन्यालीसौड़ की दशगी पट्टी के ग्राम पंचायत बागी विकासपुर में शुक्रवार को वन सरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से प्रभु दयाल नौटियाल को वन सरपंच अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चिन्यालीसौड़ के ग्राम पंचायत बागी विकासपुर में वन सरपंच का चुनाव राजस्व निरीक्षक आर्य राजेन्द्र आर्य की देखरेख में संपन्न हुआ।

**एक नजर**

### आरटीए की बैठक का एजेंडा फाइनल, शहर में कई नए रूटों पर चलेंगे वाहन

देहरादून। संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक का ऐजेंडा फाइनल हो गया है। बैठक में देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश में विक्रम और ऑटो वाहनों को सीएनजी और एलपीजी में परिवर्तित करने का बड़ा फैसला हो सकता है।

इसके साथ ही विक्रम वाहनों को स्टेज कैरिज परमिट देने पर विचार होगा। बैठक में सिटी बसों के नये परमिट भी मिलेंगे। बैठक एक नंवबर को गढ़वाल आयुक्त कैंप कार्यालय में होनी है। आरटीए सचिव आरटीओ देहरादून दिनेश पठोई ने बताया कि ऐजेंडे में 21 बिंदु शामिल किए गए हैं। इसमें प्रेमनगर–रायपुर और प्रेमनगर–परवल रूट पर सिटी सेवा संचालन, झाझरा–सुद्धोवाला–प्रेमनगर से बल्लुपुर–घंटाघर–परेड ग्राउंड–सर्वेचौक–लाडपुर–रायपुर तक सिटी बस सेवा रूट की मंजूरी देने, 7 प्लस वन विक्रम वाहनों को स्टेज कैरिज परमिट देने, परेड ग्राउंड–माजरा–सिंघनीवाला रूट पर सिटी बस के परमिट देने पर विचार होगा।

इसके अलावा कुछ अन्य रूट रूट भी हैं, जहां सवारी गाड़ी के परमिट दिए जाने हैं। राजाजी पार्क के चीला रेंज में पर्यटकों की सफारी के लिए जिप्सी के परमिटों पर भी विचार होना है।

# युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

विकासनगर : लोक पंचायत (सामाजिक संगठन)की ओर से आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उनके अनुभव का लाभ समाज के हित एवं कल्याण में मददगार रहेगा। वक्ताओं ने ग्रामीण इलाकों में हो रहे पलायन और बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई।

लोक पंचायत (सामाजिक संगठन) के सातवें स्थापना दिवस पर जीवनगढ़ में जौनसार–बावर के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का शुभारंभ पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सम्मेलन में सामाजिक हित के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर आगे की रूपरेखा बनाई गई। साथ ही जौनसार–बावर के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मेलन में क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक व्यवस्था बनाने को गहनता से विचार–मंथन हुआ। इसमें सभी वक्ताओं ने पहाड़ के ग्रामीण इलाकों से हो रहे पलायन, जौनसार में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम, स्वरोजगार को बढ़ावा देना, जौनसार से बाहर के लोगों को लीज पर दी जा रही जमीन को बेचने से रोकने और जनजाति समाज के हित एवं अधिकारों की सुरक्षा संबंधी विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व एडीजी भारतीय तटरक्षक बल केआर नौटियाल, आईएएस (रिटायर्ड) खुशीराम अग्रवाल, पूर्व आईजी अनंतराम चौहान, कार्यक्रम संयोजक कांशीराम जोशी, गोपाल सिंह राणा, प्रेस क्लब अध्यक्ष सीआर राजगुरु, श्रीचंद शर्मा समेत क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ जनों ने बिंदुवार अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा लोक पंचायत ने पिछले छह वर्षों में सामाजिक हित के कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सामाजिक चेतना की अलख जगा रहे लोक पंचायत की टीम ने आमजन से संवाद स्थापित कर जन जागरण अभियान चलाया है। जिससे भविष्य में नई पीढ़ी को जौनसार–बावर की परंपरागत लोक संस्कृति, रीति रिवाज, सामाजिक सौहार्द, सुख–दुख में आपसी भाईचारे की भावना, स्थानीय तीज–त्यौहार, संयुक्त परिवार की परंपरा, मेहमान नवाजी व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की महत्ता के बारे में पता चल सके। क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

उनके लंबे अनुभव का लाभ लोक पंचायत के माध्यम से समाज की युवा पीढ़ी को मिलना चाहिए। (एजेन्सी)

## युवक की आत्महत्या में कंपनी पर केस

देहरादून। युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसकी कंपनी अफसरों पर केस दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष मनमोहन नेगी ने बताया कि राजलोक विहार, ज्वालापुर निवासी गौरव चौधरी नेहरुग्राम में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता था।

बीते नौ अक्तूबर को उसने आत्महत्या की। आत्महत्या से पूर्व छोड़े गए सुसाइड नोट में इसके लिए उसने कंपनी को जिम्मेदार बताया। गौरव के पिता सुखपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस कंपनी के अज्ञात अफसरों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं मृतक के फोन की कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

## पत्नी ने कराया अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में पति पर केस

देहरादून। महिला ने अपने पति के खिलाफ अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि वह कार्रवाई कराने पर परिवार की सभी लड़कियों की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रायपुर थानाध्यक्ष मनमोहन नेगी ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी महिला की शादी खटीमा क्षेत्र के रोहित राना नाम के युवक से हुई है। शादी के बाद दोनों में विवाद हुआ। महिला ने बीते 15 जुलाई को एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराया। इसमें पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। इस पर महिला शिकायत सेल में समझौता हो गया। आरोप है कि हाल में पति ने उसकी आपत्तिजनक फोटो महिला के जीजा को भेज दी। आरोप है कि यह फोटो अन्य रिश्तेदारों को भेजी गई। इसके बाद से पीड़िता शर्म के चलते परेशान है। आरोप है कि पति ने जीजा को फोन कर कहा कि साली को समझा लो। नहीं तो मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगा। पति ने आपत्तिजनक फोटो सोशल साइटों पर अपलोड करने की धमकी दी है। परेशान महिला की तहरीर पर आरोपी पति रोहित राना के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कालसी में हुआ बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

देहरादून। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया है कि माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं मा0 जिला न्यायाधीश/मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के निर्देशानुसार 21 अक्टूबर, 2022 को जनपद देहरादून के दूरस्थ क्षेत्र स्थान–ब्लॉक कालसी के परिसर में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून हर्ष यादव, द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को भारत का संविधान के साथ विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के प्रावधानों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून एवं स्थायी लोक अदालत के गठन एवं कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को पोक्सों अधिनियम, 2012, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में नागरिकों के अधिकार, माता–पिता एवं वरिष्ठ–नागरिकों का भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधान एवं



घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत महिलाओं के अधिकार के सम्बंध में जानकारी दी गयी तथा प्रतिभागियों के विधि से सम्बन्धित प्रश्नों के भी उत्तर दिये गये। उपस्थित प्रतिभागियों को श्री चमन सिंह, तहसीलदार, विकासनगर द्वारा राजस्व विभाग की जनसामान्य के हित की योजनाओं के सम्बंध में विशेष रूप से अवगत कराया गया तथा राजस्व विभाग के अन्य कार्यों के सम्बंध में भी जानकारी दी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, देहरादून श्रीमती मीना बिष्ट द्वारा महिला एवं बाल–विकास विभाग की महिलाओं से सम्बंधित जानकारी दी गयी तथा उपस्थित बच्चों एवं महिलाओं को विशेष रूप से किसी भी गलत कृत्य के विरूद्ध आवाज उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पुलिस विभाग के प्रतिनिधि नीरज कठैत, उपनिरीक्षक द्वारा पुलिस थाने की प्रक्रिया एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उक्त शिविर में बीरेन्द्र सिंह बिष्ट, रेंज अधिकारी, मनान रेंज, सभावाला द्वारा वन विभाग की योजनाओं के सम्बंध में, डॉ० वरूण अग्रवाल द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं के सम्बंध में, डॉ० दीक्षित ए0 सी0 एम0 ओ0 द्वारा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के सम्बंध में तथा खण्ड शिक्षाधिकारी, कालसी द्वारा शिक्षा विभाग के सम्बंध में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में भारतीय आदम जाति सेवक संघ शाखा कालसी के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साई ग्रुप ऑफ नर्सिंग के छात्रों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर एक नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त उक्त शिविर में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला सशक्तिगरण, वन–विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग आदि विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने–अपने विभाग की सामान्य जनता के हित की योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी एंव अपने विभाग से सम्बंधित आवेदन पत्र वितरित किये गये।

### रोटी बनाने की मशीन दी

विकासनगर : खत पशगांव के कर्मचारियों, व्यावसायियों और निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले कर्मचारियों की समिति कर्मचारी मंडल दसोऊ ने गांव में सार्वजनिक समारोहों के लिए रोटी बनाने की मशीन उपलब्ध कराई है।

ग्रामीण अतर सिंह ने बताया कि गांव के किसी परिवार में होने वाले समारोह में दो हजार से अधिक लोग शिरकत करते हैं, ऐसे में रोटी बनाने के लिए महिलाओं को चार से पांच घंटे का समय लग जाता है। अब मशीन उपलब्ध होने से सार्वजनिक समारोह में रोटी बनाने के लिए महिलाओं को मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। (एजेन्सी)

# धूमधाम से मनाएं दिवाली , पर रखें सुरक्षा का ख्याल

देहरादून। दीपावली पर पटाखों की चिंगारी, शोर एवं धुआं नुकसानदेह हो सकता है। इसीलिए त्योहार धूमधाम से जरूर मनांए, पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ख्याल जरूर रखें। कोरोनेशन की बर्न यूनिट के प्रभारी डा. कुश एरन का कहना है कि पटाखे चलाते समय विशेष एहतियात बरतें। बच्चों एवं बुजुर्गों को तेज आवाज वाले पटाखों से दूर रखें। ईएनटी विशेषज्ञ डा. विकास सिकरवार और डॉ. पीयूष त्रिपाठी के मुताबिक पटाखों से 80 डेसिबल से अधिक स्तर की आवाज निकलती है। जिस कारण बहरापन, उच्च रक्तचाप और अनिद्रा जैसी स्थिति आ जाती है। सांस एवं दमा रोग विशेषज्ञ डा. अनुराग अग्रवाल ने



कहा कि धुएं से बच्चे, गर्भवती महिलाएं और सांस की दिक्कतों वालों को समस्या हो सकती हैं। हवा में धूल के कणों के साथ घुले बारूद के कण और धुएं के संपर्क में ज्यादा देर रहने वालों को खांसी, आंखों में जलन, त्वचा में चकत्ते पड़ने के साथ उल्टी की समस्या भी हो सकती है। स्किन और आंखों पर बुरा प्रभावः चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल आर्य, डा. सादिक उमर, डा. नाजिया खातून और डा. भव्या संगल बताते हैं कि पटाखे सर्तकता से नहीं चलाने पर त्वचा झुलस सकती है और इस पर लंबे समय तक जले का निशान बना रहता है। पटाखों के जलने से त्वचा, बाल और आंखों की पुतलियों को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। पटाखों में मौजूद नुकसानदेह रसायन त्वचा में शुष्कता और एलर्जी पैदा करते हैं। रसायनों के फैलने से बालों के रोमकूप कमजोर पड़ जाते हैं। बाल टूटने लगते हैं और बालों की प्राकृतिक संरचना भी बिगड़ती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सुशील ओझा और डा. चिराग बहुगुणा ने बताया कि पटाखों के कारण आखों में जरा सी चोट भी एलर्जी और नेत्रहीनता की स्थिति पैदा करती है।

### साजिशकर्ता ने चोरी किया था स्कूटर

ऋषिकेश : कैबिनेट मंत्री के चचेरे भाई शीशपाल अग्रवाल के घर में डकैती डालने वाले साजिशकर्ता ने डोईवाला के ही एक लोकल व्यक्ति का स्कूटर चोरी किया था। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है। पुलिस ने मामले में ठेकेदार महबूब के खिलाफ केस दर्ज किया है। डोईवाला पुलिस के मुताबिक भुवनलाल साह पुत्र स्व. ईश्वरी लाल शाह, निवासी भानियावाला ने बताया कि डोईवाला में हुई डकैती में शामिल महबूब पुत्र इमरान से पुलिस ने जिस स्कूटर को बरामद किया वह कुछ दिन पहले उनके घर के बाहर से चोरी हो गया था।

# गन्ना मूल्य 500 रुपये कुंतल करने की मांग की

ऋषिकेश : डोईवाला के गन्ना किसानों ने गन्ना आयुक्त हंसादत्त पांडेय से मुलाकात की। उन्होंने गन्ना केंद्र को पूर्व की तरह संचालित करने और गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग की। शुक्रवार को गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने काशीपुर में गन्ना आयुक्त हंसा दत्त पांडेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने डोईवाला क्षेत्र के पांच गन्ना सेंटर को पूर्व की तरह संचालित करने, प्रदेश में गन्ने का पेराई सत्र 10 नवम्बर से शुरू करने, गन्ना मूल्य को 500 रुपये प्रति कुंतल करने, डोईवाला में गन्ना किसान समिति का भवन बनाए जाने आदि की मांग की। जिसके बाद गन्ना आयुक्त ने जल्द ही किसानों की समस्याओं पर सकारात्मक समाधान निकालने की बात कही। मौके पर डोईवाला गन्ना विकास सहकारी समिति के डायरेक्टर संजय शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी शैलेंद्र सिंह, डोईवाला सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव शीशपाल सिंह, देहरादून सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव अशोक कुमार, डोईवाला चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक पीके पांडे, शिवकुमार, सुरेंद्र सिंह राणा, उमेद बोरा आदि उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

# धनतेरस को सजा बाजार, अच्छे व्यापार की उम्मीद

## 22 अक्टूबर को मनाया जाएगा धनतेरस का पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दीपावली त्योहार से पूर्व कोटद्वार का बाजार धनतेरस की तैयारियों को लेकर सज चुका है। बाजार में ग्राहकों को लुभाने के लिए सामान पर आकर्षक छूट दी जा रही है। ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए व्यापारियों को इस वर्ष बेहतर व्यापार की उम्मीद है।

22 अक्टूबर को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा। इसके लिए व्यापारी पिछले एक माह से लगातार तैयारी कर रहे थे। धनतेरस से एक दिन पूर्व ग्राहकों के स्वागत को व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान सजा दिए हैं। सामान पर आकर्षक छूट दी जा रही है। सोने–चांदी से लेकर, वाहन शोरूम तक में बुकिंग हो चुकी है। मिट्टी से बनी मूर्तियां और बर्तन बाजार में भी चमक देखी जा रही है। फूल, मिठाई, बर्तन, गहने, गाड़ी आदि हर तरह के व्यवसाय से जुड़े लोग तैयारी कर चुके हैं।

कपड़ों और सजावट के सामानों की मांग बढ़ने लगी है। सोने व चांदी के सिक्के बाजार में उपलब्ध हैं। लोग धनतेरस और दिवाली को लेकर पहले से ही बुकिंग करा रहे हैं। बाजार में अलग–अलग वैरायटी के बर्तन का स्टाक आया हुआ है। साथ ही ज्वेलरी की चमक व सिक्कों की खनक भी बाजार में खूब सुनाई दे रही है।

दीपावली के उत्साह को देखते हुए व्यापारियों को इस वर्ष भी बेहतर व्यापार की उम्मीद है।



धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर झंडाचौक में सजाई गई दुकान

## कांग्रेस भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का पुतला फूंका

**पौड़ी** : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेसियों ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश प्रभारी का पुतला फूंकते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।शुक्रवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, यूकेएसएससी, सहकारिता विभाग के घपले, अंकिता हत्याकांड जैसे मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है और कांग्रेस जैसी धर्मनिपेक्ष पार्टी के खिलाफ अनाप-शनाप बयान देते रहते है। जिसका विरोध किया गया है। प्रदर्शन करने वालों में वीरप्रताप, शशि चमोली, मनमोहन सिंह, उपेंद्र रावत, युद्धवीर सिंह रावत, भरत सिंह रावत, कमला देवी, आयुष भंडारी आदि शामिल थे।

# रामलीला का दूसरा दिनः राम जन्म लीला का हुआ मंचन

## डाडामंडी में आयोजित रामलीला का दूसरा दिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ग्राम पंचायत झटरी के अंतर्गत डाडामंडी में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के द्वितीय दिवस में राम जन्म, सीता जन्म व रावण तप लीला का मंचन किया गया। सभी पात्रों ने बेहतरीन अभिनय कर जनता को लीला में बांधे रखा।

क्षेत्र की मातृ शक्ति को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व मंच स्थल पर डाडामन्डी की महिला मंगल दल द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

सुरक्षा को देखते हुए उपजिलाधिकारी द्वारा निर्देशित संबंधित पट्टी पटवारी राजेश राणा व दो पुलिस एवम पी आर डी सदस्यों की मौजूदगी से सभी रामभक्त आश्वस्त रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष खुशीराम ने बताया कि लगातार रामलीला में पात्रों के बेहतर प्रदर्शन के चलते राम भक्तों की संख्या बढ़ रही हैं।



डाडामंडी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

# विद्यार्थियों को बांटी मिठाई



बच्चों को मिठाई बांटते क्लब के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** लायंस क्लब डिग्निटी कोटद्वार की ओर ेस विद्यालय के बच्चों को मिठाई व इको फ्रेंडली पटाके दिए गए।

नवयुग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तिलक लगाकर लायंस क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।

इसके उपरांत सदस्यों ने बच्चों को मिठाई व इको फ्रेंडली पटाके भी बांटे। इस मौके पर क्लब सचिव ला रोहित बत्ता, क्लब एडमिंस्ट्रेशन ला डा एस के खट्टर, ला डा आशीष अग्रवाल, ला अवधेश चमोली, ला मनीष लूथरा, ला हितेश गोयल, ला आशीष अग्रवाल, ला प्रियंका बत्ता, ला रिंपी खट्टर और ला दिया चमोली आदि मौजूद रहे।

## आर्थिक रूप से कमजोर पांच छात्राओं को दी छात्रवृत्ति

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में कृष्णालोक ट्रस्ट के सौजन्य से छात्रवृत्ति वितरण एवं व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पांच छात्राओं को कृष्णालोक ट्रस्ट की ओर से 50 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।कृष्णालोक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जेपी भट्ट द्वारा उक्त धनराशि का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट को उक्त धनराशि दान के रूप में सुधीर नैथानी, बीना उनियाल, विदुर कुकरेती, अनुजा मैठाणी, ऋषि खर्कवाल व डॉ. रामकिशोर भट्ट द्वारा दी गई। व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व के सन्दर्भ में समाज शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए सभी लोगो को व्यक्तिगत रूप से आगे आकर मदद करनी चाहिए।

# किन्नरों को चेतावनी, मनमर्जी शगुन वसूला तो होगी कार्रवाई

## कुछ दिन पूर्व पार्षदों ने की थी किन्नरों के खिलाफ शिकायत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रशासन ने किन्नर समुदाय को किसी भी मांगलिक कार्य में मनमर्जी का शगुन नहीं वसूलने की चेतावनी दी है। कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई तो किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कुछ दिन पूर्व पार्षदों ने किन्नरों के खिलाफ तहसील में शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि किन्नर मांगलिक कार्यो में पहुंचकर परिवार वालों से मनमर्जी का शगुन वसूलते हैं। शगुन न देने पर परिवार के साथ अभद्रता भी की जाती है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने किन्नर व पार्षदों की बैठक ली। जिसमें निर्णय लिया गया कि किन्नर किसी भी परिवार से मनमर्जी का शगुन नहीं वसूलेंगे। यदि किसी भी परिवार पर किन्नर अधिक शगुन देने का दबाव बनाते हैं तो इसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 112 पर की जा सकती है। बैठक में किन्नरों ने भी मनमाना शगुन नहीं लेने की बात पर अपनी हामी भरी। इस मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी, पार्षद सौरभ नौड़ियाल, गायत्री भट्ट, ऋतु चमोली, नीरुबला खंतवाल, विपिन डोबरियाल, अनिल नेगी, मंजू जखमोला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील सभागार में किन्नर व पार्षदों की बैठक लेते उपजिलाधिकारी।

# दो दिन कोटद्वार शहर में डायवर्ट रहेगा यातायात

## धनतेरस व दीपावली पर्व को देखते हुए लिया गया निर्णय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** धनतेरस व दीपावली त्योहार को लेकर दो दिन कोटद्वार शहर का यातायात डायवर्ट रहेगा। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस व यातायात की विशेष टीम तैनात रहेगी। वहीं, धनतेरस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को शहर में भारी जाम दिखाई दिया।

धनतेरस पर्व नजदीक आते ही शहर में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। यही कारण है कि शहर में यातायात व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। शुक्रवार को देवी रोड, स्टेशन रोड, झंडाचौक सहित अन्य मार्गों पर भारी जाम दिखाई दिया। देवी मंदिर से नजीबाबाद चौराहे तक पहुंचने के लिए वाहन चालकों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए पुलिस व यातायात टीम को काफी पसीना बहाना पड़ा।

**यह रहेगी यातायात की स्थिति**

-22 व 23 अक्टूबर को कौड़िया की तरफ से दुगड्डा की ओर जाने वाले भारी वाहन बालासौड़ तिराहे से देवी मंदिर की ओर डावर्ट किए जाएंगे। जो घराट रोड व डिग्री कालेज रोड से होते हुए जाएंगे।

-कौड़िया की तरफ से शहर में आने वाली सभी उत्तर प्रदेश रोडवेज बस बालासौड़ तिराहा से देवी मंदिर से होकर नजीबाबाद चौक पर आएंगी। जिन्हें बसे अड्डे की तरफ न भेजकर वापस कौड़िया की ओर भेजा जाएगा। जबकि, उत्तराखंड रोडवेज की बस नजीबाबाद चौराहे से सीधे बस अड्डे पर जाएंगी।

-यदि नजीबाबाद चौक पर यातायात का अधिक दबाव होता है तो ऐसी स्थिति में सभी उत्तर प्रदेश रोडवेज की बसों को कौड़िया पर ही रोका जाएगा।

- पौड़ी मार्ग से आने वाले भारी वाहनों को बुद्धा पार्क से डिग्री कॉलेज वाली रोड की तरफ ही डायवर्ट किया जाएगा। हल्के वाहनों जैसे कार, मोटरसाइकिल इत्यादि को शहर की तरफ भेजकर पुरान आरटीओ तिराहा से पटेल मार्ग की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

- गाड़ीघाट से आने वाले वाहन बस अड्डे की तरफ भी जा सकेंगे।



धनतेरस से एक दिन पूर्व देवी रोड में लगा वाहनों का जाम।

# युवती को आत्महत्या के लिए उसकाने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत उमरावनगर निवासी एक युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सितंबर माह में युवती ने युवक से परेशान होकर आत्महत्या की थी।

मामले में मृतिका की मां की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उसने बताया था कि जनपद टिहरी पट्टी नगुणग्राम मजकोट निवासी रोहित सेमवाल उनकी बेटी को पिछले लंबे समय से परेशान कर रहा था। आरोपी उनकी बेटी को लगातार परेशान कर रहा था। साथ ही उसपर जबरन मिलने का भी दबाव बना रहा था। आरोपी की इन हरकतों से परेशान होकर उनकी बेटी ने सितंबर माह में आत्म हत्या कर दी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित रोहित सेमवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से मामले की पूछताछ की जा रही है।




कोटद्वार पुलिस की हिरासत में युवती को आत्महत्या के लिए उसकाने वाला आरोपी

## फुटबॉल प्रतियोगिता 22 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहीद मुकेश बिष्ट अंतर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता 22 अक्टूबर से शुरू होगी।

घमंडपुर स्थित शहीद स्मृति पुस्तकालय में बैठक आयोजन किया गया। निर्णय लिया गया की नवी शहीद मुकेश बिष्ट अंतर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 27 अक्टूबर तक जनता इंटर कॉलेज मोटाढांक के खेल मैदान में कराया जाएगा। आयोजक सचिव सिद्धार्थ रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में जिले की शीर्ष 20 टीमों को आमंत्रित किया गया है।

# बहुउद्देशीय शिविर में 210 समस्याओं का किया निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल द्वारा विकासखंड पाबौ के राजकीय इंटर कॉलेज चोपड़ियों परिसर में नालसा द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, स्वजल विभाग, जिला पूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों ने कैम्प लगाकार क्षेत्र की आमजनमानस की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में लगभग 210 समस्याओं का निस्तारण किया गया।

सीनियर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक से लें। इस दौरान विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों द्वारा उनके विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने आम जनमानस को कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं लाभ लें। शिविर में कृषि विभाग के स्टॉल पर 22, समाज कल्याण विभाग 24, पशुपालन 51, राजस्व विभाग 10, ग्राम विकास विभाग 06, स्वास्थ्य विभाग 85 तथा बाल विकास विभाग के स्टॉल में 12 समस्याओं का निस्तारण किया गया।

साथ ही कुछ समस्याओं को सम्बन्धित विभागों द्वारा नोट किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 लोगों को कोविड वेक्सीन भी लगायी गयी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीएम बिष्ट, खंड विकास अधिकारी तेग सिंह रावत, संकुल प्रभारी चोपड़ियों मेहरवान सिंह, सहायक प्रबंधक उद्योग माधो सिंह, सहायक समाज कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह, वरिष्ठ सहायक सम्पूर्णानन्द बलूनी आदि मौजूद थे। शिविर का संचालन रिटेनर अधिवक्ता विनोद कुमार ने किया।



सीनियर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली योजनाओं की जानकारी देते हुए।

# 31 मार्च तक गढ़वाल मंडल में होगें जागरूकता कार्यक्रम

**श्रीनगर** : ब्रह्मा कुमारी श्रीनगर गढ़वाल सेवा केंद्र के तत्वावधान में व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी ब्रह्मा कुमारी गढ़वाल क्षेत्र बीके नीलम बहन ने कहा कि अभी तक गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों में 170 से अधिक शिक्षण संस्थानों एवं 350 से अधिक ग्राम पंचायतों में राजयोगी भाई बहनों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा चुका है। जिसमें पौड़ी जनपद के पाबो, पौड़ी, कल्जीखाल, कोट, थलीसैंण ब्लाक में हुए कार्यक्रम शामिल हैं। इस तरह के कार्यक्रम पूरे गढ़वाल मंडल में 31 मार्च 2023 करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर डायरेक्टर गढ़वाल जोन बीके मेहर चंद ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मानव के मन को तनाव, चिंता, भय आदि विकारों से मुक्त कर सुखमय स्वस्थ जीवन शैली से परिचित कराना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र पुणे में करीब 30 लाख रुपए में एलईडी वैन (विशेष रथ) का निर्माण कराया गया। इसमें एलईडी स्क्रीन के अलावा 50 से अधिक कुर्सियां उन्नत साउंड सिस्टम एवं जनरेटर आदि की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे कार्यक्रम देखने वाले व्यक्ति के मन बुद्धि में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। इस मौके पर सुपरवाइजर आंगनबाड़ी यदु सेमवाल, उर्मिका कटक, सभासद पूजा गौतम, सभासद प्रमिला भंडारी आदि मौजूद रहे।

# एससी आयोग उपाध्यक्ष ने तहसील का निरीक्षण किया



रुद्रपुर। अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष पीसी गोरखा ने शुक्रवार को खटीमा तहसील का निरीक्षण किया। इसमें एससी/ एसटी प्रकरणों की जांच के साथ ही जाति, स्थाई, आय, प्रमाणपत्रों को जारी करने की प्रक्रिया की स्थिति को भी जाना। उन्होंने लंबित प्रमाणपत्रों को जल्द जारी करने को कहा। वहीं प्रमाणपत्रों में प्रतिबंधित शब्दों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी। आयोग उपाध्यक्ष गोरखा ने कहा कि प्रदेश में 143 के माध्यम से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की जमीन को सामान्य व्यक्ति द्वारा विक्रय करने के मामलों में दस्तावेजों की पूरी जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाए। एसडीएम रविन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जांच के बाद ही कार्रवाई की जाती है। कोतवाली के निरीक्षण दौरान उन्होंने एससी, एसटी उत्पीड़न के मामलों की भी जांच की। इसमें सीओ को कहा कि प्राथमिकता के साथ मामलों का निस्तारण करें। इस दौरान वह गोरखा थारू विकास भवन में समाज कल्याण द्वारा आयोजित दिव्यांग शिविर में भी पहुंचे। यहां दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड वितरित किए। इस दौरान सीओ वीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, आयोग के सदस्य मोहन महर, जिला महामंत्री खटीमा अंजू सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक कापड़ी ने किया धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण

रुद्रपुर। खटीमा विधायक एवं उपनेता सदन भुवन कापड़ी ने शुक्रवार को घोसीकुआं और कुआंखेड़ा के सरकारी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्हें दोनों सेंटरों पर अनियमिताएं मिलीं। उन्होंने इसकी शिकायत डीएम और सहकारिता के अफसरों से की है। शुक्रवार को धान खरीद केंद्रों में शिकायत की सूचना पर विधायक कापड़ी ने घोसीकुआं सेंटर का निरीक्षण किया। कापड़ी ने बताया कि निरीक्षण में सेंटर पर एक हजार कट्टे बारदाना आया है। इसमें से 700 कट्टे भरे जा चुके हैं और 300 कट्टा बचा हुआ है। जबकि सेंटर पर सिक्स आर में 1200 से ऊपर कट्टा भरा हुआ है। इसी तरह धान क्रय केंद्र कुआंखेड़ा में अभी तक कांटा नहीं लगा और न ही बारदाना आया है।

# हंगामा के बीच जिपं बैठक में 9 करोड़ का बजट पास

### –बजट आवंटन में विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप

बागेश्वर। जिला पंचायत की सामान्य बैठक में बजट आवंटन को लेकर कुछ सदस्यों ने हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट आवंटन में विकास कार्यों की अनदेखी की गई है। कार्ययोजना में उनके क्षेत्र को शुरू से ही शामिल नहीं किया गया है। सदस्यों ने कहा कि वह बजट की बंदरबांट नहीं होने देंगे। विरोध के बावजूद बहुमत से 9.01 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार पर जिपं अध्यक्ष बसंती देव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सामान्य बैठक में जिला नियोजन समिति में पारित बजट पर अनुमोदन होना था। बजट आवंटन की सूची में विपक्षी सदस्यों के गांवों के नाम गायब थे। इससे वह भड़क गए। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट आवंटन सभी सदस्यों को बराबर होना चाहिए। लेकिन ऐसा सदन में लंबे समय से नहीं हो रहा है। जिसके लिए आंदोलन भी किए गए थे। उन्हें आश्वासनों का पुलिंदा थमाया गया। सामान्य बैठक में भी उन्हें ठेंगा दिखाने का काम किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन परिहार और अध्यक्ष के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने बजट आवंटन पर सवाल उठाए। कहा कि यह बजट अध्यक्ष को मुबारक हो। वह सदस्यों के साथ धोखा नहीं होने देंगे। सदस्य गोपा धपोला, इंद्रा परिहार, पूजा आर्या, वंदना ऐठानी, सुरेश खेतवाल ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष चेहतों को बजट दे रहे हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है। जिसका वह विरोध करेंगे। जिला पंचायत में नियमानुसार कार्य हो रहा है। जिला पंचायत की नियोजन समिति में बजट पास होने के बाद शुक्रवार की बैठक में 9.01 करोड़ का बजट अनुमोदन भी हो गया है।

# बहुद्देशीय शिविर में 21 शिकायतें दर्ज

बागेश्वर। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में 21 शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकतर मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। एडीएम सीएस इमलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शिविर में उठी समस्याओं का प्राथमिकता से दूर करें। इसमें लापरवाही सहन नहीं होगी। राउमावि कुलाऊं गरुड़ में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 21 शिकायतें दर्ज हुईं, जिसमें सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान कुलाऊं ने सहकारी समिति कार्यालय बदलवाने, सिंचाई नहर बनाने, दान सिंह ने खेतों में सुरक्षा दीवार बनाने, हिमंती देवी, रमेश सिंह, शंकर लाल, तारा सिंह, ईश्वर सिंह के प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रार्थना पत्र, हेमा जोशी अमस्यारीकोट के बीपीएल राशन कार्ड बनाने के लिए, हेमा देवी ने बिजली लाइन विस्तारित करने, राजू दानू ने चारे बमड़ गधेरे में कृषि भूमि में हुए नुकसान होने, भूपाल सिंह द्वारा हरिनगरी कुलाऊं मोटर मार्ग में क्षति होने की शिकायत के साथ ही अन्य ग्रामीणों ने अपनी–अपनी समस्याएं रखी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट ने कहा कि सरकार हमेशा जनता के साथ है, उनके कष्ट दूर करने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बहुउद्देशीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आठ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, पशुपालन विभाग द्वारा 50 जानवरों के उपचार को दवा वितरण, राजस्व विभाग द्वारा 20 लाभार्थियों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन, उद्योग विभाग द्वारा 14 लोगों, सेवायोजन विभाग द्वारा 8, पूर्ति विभाग द्वारा 10, दीन दयाल उपाध्याय द्वारा 20 लोगों को विभागीय जानकारी तथा बाल विकास विभाग 31 लोंगों को मातृ बंदना, वन स्टॉप, नन्दा गौरा योजना की जानकारी दी गई। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा शिव सिंह बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, बीडीओ गरुड़ केडी जोशी आदि मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने किए नीब करौली बाबा के दर्शन

नैनीताल। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शुक्रवार को नीम करौली बाबा के दर्शन किए। मंदिर में बाबा के सम्मुख शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया।

वहीं मंदिर में करीब 10 मिनट का समय व्यतीत करने के उपरांत वह वापस लौट गए।

## लोहनी बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष

रुद्रपुर। मनोहर चंद लोहनी को उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन का जिलाध्यक्ष चुना गया। जबकि सचिव हंसी बिष्ट को बनाया गया है। शुक्रवार को चुकटी देवरिया में आयोजित सम्मेलन में संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक प्रताप सिंह धानक, डॉ. बलदेव सिंह, जयप्रकाश सिंह, विनोद सिंह, उपाध्यक्ष उमेन्द्र नाथ तिवारी, स्वतंत्र कुमार मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष मिश्रा, जसपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार त्यागी, जिला उपसचिव हेमा बोरा, जिला मंत्री गणेश चंद पांडे चुने गए। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष जगत सिंह परिहार ने की।

# छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को एबीवीपी ने दिया कुलपति को ज्ञापन



रुद्रपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन प्रेषित किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नीरज सिंह धामी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि विगत दो वषी से कोरोना महामारी के चलते महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं कराए गए।।चुनाव नहीं होने से जो छात्र तैयारी कर रहे थे वह काफी निराश है। छात्रों का कहना है कि अब ऐसी कोई आपातकालीन स्थिति नहीं है इसलिए जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव कराया जाना चाहिए।अन्यथा छात्र आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज व विश्वविद्यालय की होगी। यहां प्रमोद गड़कोटी,अंबुज चौहान, शुभम, रोहित जोशी,शाहनवाज सहित कई लोग मौजूद थे।

# नव मनोनीत कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र का स्वागत किया



रुद्रपुर। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नवमनोनीत नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत किया। बीते बुधवार को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने भूपेंद्र चौधरी को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया था। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भूपेंद्र के नगर अध्यक्ष बनने के से पार्टी को मजबूती मिलेगी। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रयासों से भूपेंद्र को नगर कांग्रेस की कमान सौंपी गई है। भूपेंद्र चौधरी युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया। भूपेंद्र चौधरी ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, सरवरयार खान, रामबाबू, गुड्डू तिवारी, ओम प्रकाश दुआ, सुनील ठाकुर, नारायण बिष्ट, नितिन शर्मा, अक्षय बाबा, अफजाल शेरी, अकरम खान, जितेंद्र संधू, खालिद इकबाल, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत के खिलाफ मुकदमे की मांग

बागेश्वर। भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की टिप्पणी पर कांग्रेसी नाराज हैं। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक बयानबाजी करते हुए कांग्रेस को बदनाम करने का काम किया। उनके विरुद्ध एफआ-ईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकमणि पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि देवभूमि की महिलाओं के लिए भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने अपमानित बयान दिए हैं। कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास किया है। इससे मातृशक्ति में आक्रोश है।

# बीडब्लूएफ बैडमिंटन ओपन सुपर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे युवा शटलर लक्ष्य सेन

अल्मोड़ा। डेनमार्क में आयोजित बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन ओपन सुपर सीरीज में युवा शटलर लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। एकल पुरुष वर्ग के प्री–क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य ने भारत के एचएस प्रनोय को सीधे सेटों से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। अब उनका अगला मुकाबला जापान के कोदई नारोका से होगा। उत्तराखंड स्टेट बैंडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि पुरुष एकल के प्री–क्वार्टर फाइनल में भारत के ही एचएस प्रनोय को सीधे सेटों में 21–9 व 21–18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य ने पहले चक्र में दुनिया के छह नंबर खिलाड़ी इंडोनेशिया के अन्थोनी गिन्टिंग को सीधे सेटों आसानी से परास्त किया था। अब क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य की टक्कर जापान के खिलाड़ी कोदई नारोका से होगा। पुरुष एकल में भारत की चुनौती एक मात्र लक्ष्य के रूप में मैदान में है। लक्ष्य की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड स्टैड बैडमिंटन संघ की अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, प्रशांत जोशी, गोकुल सिंह मेहता, राकेश जायसवाल, डॉ. संतोष बिष्ट, संजय नज्जौन, नंदन रावत, विजय प्रताप सिंह, डीके जोशी, सुरेश कर्नाटक, जगमोहन फर्त्याल, शेखर लखचौरा, हेम पांडे, राजू तिवारी, डॉ. जेसी दुर्गापाल आदि ने खुशी जताई।

### रोडवेज के संविदा–विशेष श्रेणी कर्मियों को मिलेगा बोनस

हल्द्वानी। उत्तराखंड परिवहन निगम विशेष श्रेणी, संविदा चालक परिचालकों व तकनीकी कर्मियों को दिवाली प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है।

# बागेश्वर में ईको टूरिज्जम की अपार संभावनाएंः पात्रो

बागेश्वर। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो ने दो दिन रहकर बागेश्वर वन प्रभाग के अनेक कार्य का निरक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिले में ईको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। विभाग इस पर लगातार कार्य कर रहा है। कई स्थानों को चयनित किया गया है। उन्होंने जंगल की आग पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे को सबसे अधिक कारगर बताया। भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।

विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी की। यहां पहुंचने पर उन्होंने अमृत सरोवर कौसानी, बिलखेत, नक्षत्र वाटिका, नर्सरी छतीना, मॉडल क्रू स्टेशन ,प्लांटेशन कार्य देखा। स्टाफ मीटिंग आदि भी की। उन्होंने कहा कि नक्षत्र वाटिका जिले में पर्यटकों की आमद बढ़ाने में कारगर होगा। अमृत सरोवर से जहां जंगली जानवरों को जंगल में पानी मिलेगा वहीं उनका रिहायशी इलाकों में आना भी कम होगा। उन्होंने लगातार सुलग रहे वनों पर भी चिंता जताई। साथ ही सुझाव दिया कि वनों की आग पर निगरानी रखने तथा उसे पर काबू पाने में ड्रोन कैमरा सबसे अधिक कारगर होगा। मुख्य वन संरक्षक पात्रो ने बागेश्वर रेंज के अभिनव कार्य को कुमाऊं में बेहतर श्रेणी का माना। निरंतरता बनाए रखने को कहा। प्रभागीय वनाधिकारी बागेरी ने मॉडल क्रू सेंटर से मिले लाभ के बारे में बताया। इसके अलावा विभागीय योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। इस मौके पर रेंजर श्याम सिंह करायत, सुरेंद्र नेगी, वन दरोगा भूपाल राम, कैलाश पांडे, हयात सिंह बिष्ट, वन रक्षक गीता बिष्ट, मुन्नी कठायत, डिप्टी रेंजर हरीश सती आदि थे।

### 126वें दिन भी जारी रहा जायडस कर्मियों का धरना

रुद्रपुर। जायडस कंपनी के कर्मचारियों का फैक्ट्री गेट पर धरना 126वें दिन भी जारी रहा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने प्रबंधन पर हिटलरशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर 1200 परिवारों के सामने रोजी–रोटी का संकट है। कंपनी प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से अवैध बंदी कर उनके परिवारों की दीपावली की खुशियां छीन ली हैं। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करने पर रोष जताया।

## रामनगर में छात्र की मौत के खुलासे के लिए घेरी कोतवाली, किया हंगामा

रामनगर : मालधन में छात्र की मौत के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग के लिए शुक्रवार को स्वजनों व ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों की पुलिस स काफी बहस भी हुई।

**रामलीला देखने निकला था छात्र**

मालधन का गांधीनगर निवासी नितिन कुमार 14 अक्टूबर की रात में रामलीला देखने निकला था। उसका शव दूसरे दिन जंगल से बरामद हुआ था। पुलिस ने मौत की वजह करंट लगना बताया था। खेत में करंट लगने के बाद चौकीदार ने नितिन का शव जंगल में फेंकने उठाकर जंगल में फेंक दिया था।

# धूमधाम से मनाया पुस्तकालय का सातवां स्थापना दिवस




बागेश्वर। सिविल सोसायटी से संचालित सार्वजनिक पुस्तकालय का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्या भारती के पूर्व प्रदेश निरीक्षक हरी दत्त जोशी ने कहा कि पुस्तकें ही मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने पुस्तकें दान में दी। समारोह का शुभारंभ करते हुए पूर्व प्रदेश निरीक्षक हरी दत्त जोशी ने कहा कि एडवोकेट डीके जोशी व सीएस बड़सीला के प्रयासों से स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय क्षेत्र के युवाओं के करियर निर्माण में मददगार साबित हो रहा है। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट ने आयोजकों के कार्यों की सराहना की। सिविल सोसायटी के संरक्षक डीके जोशी ने पुस्तकालय के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में इस वर्ष हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में आए अभय उपाध्याय, आदित्य बड़सीला, अंजली पांडे, रक्षित जोशी, विक्रम सिंह को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष सीएस बड़सीला ने किया। इस दौरान मोहन चंद्र कंसेरी, कैलाश चंद्र जोशी, सुरेंद्र वर्मा, लक्ष्मी दत्त पांडे, उमाशंकर भाकुनी, मोहन जोशी, जीवन चंद्र दुबे, जावेद सिद्दकी, अनिल पांडे, मनोज भट्ट, राजेंद्र प्रसाद, भारतेंदु विमल जोशी, गीता जोशी, विमला जोशी आदि मौजूद थे। इन लोगों ने दान में दी पुस्तकेंः डॉ राजीव जोशी, अनिल जोशी, जीवन सिंह दोसाद, डॉ गिरीश अधिकारी, नंदाबल्लभ पंत, सुरेंद्र वर्मा, लक्ष्मी दत्त पांडे आदि।

# शिक्षकों की मांग को लेकर महिला पंचायत प्रतिनिधियों का प्रदर्शन



बागेश्वर। द हंगर प्रोजक्ट के तहत वीरांगना महिला पंचायत प्रतनिधियों यहां आयोजित बैठक में गरुड़ तहसील क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पर नाराजगी जताई।

नाराज महिलाओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही बीईओ को ज्ञापन सौंपकर 30 से अधिक संख्या वाले विद्यालयों में अन्य शिक्षक भेजने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि पुरड़ा प्रावि में 38 बच्चे अध्ययनरत हैं। इसी तरह तैलीहाट में 34, कनस्यारी में 35 बच्चे हैं। सभी स्कूल एकल शिक्षक के सहारे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने विभाग से कम से कम दो–दो शिक्षकों की तैनाती की मांग की है।

### शहीदों के नाम से इक्यावन हजार मिट्टी के दीये व बत्ती के पैकेट बांटे

हल्द्वानी। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व मार्गदर्शक आशा शुक्ला के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने दीपावली के अवसर पर भारतीय सेना के शहीद जवानों के सम्मान में एक दीया शहीदों के नाम से इक्यावन हजार मिट्टी के दीये और बत्ती के पैकेट कालाढूंगी चौराहा हल्द्वानी में स्टॉल लगाकर वितरण किये। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के सचिव नन्दकिशोर आर्या व मार्गदर्शक पूजा लटवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के शहीद जवानों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता,

# नगर पालिका ने काम करवाने को विधायक से बजट मांगा

नैनीताल। नैनीताल के विकास कार्यों व आंतरिक सड़कों की दुर्दशा को ठीक करने को लेकर शुक्रवार को विधायक सरिता आर्य समेत सभासद और निकाय कर्मियों की बैठक हुई।

पालिका सभासदों ने लंबे समय से शहर के आंतरिक मार्गों की दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए विधायक से जल्द से जल्द शहर के आंतरिक मार्गों, विद्युत व्यवस्था, पेयजल टैंक को ठीक करने के लिए बजट आवंटित करने की मांग की। पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी ने कहा कि कर्मियों के वेतन, विकास के लिए विधायक निधि से बजट जारी किया जाए। देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद ने विधायक से नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों के पदों को बढ़ाए जाने की मांग की। विधायक सरिता आर्य ने कहा कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखेंगी। दरअसल नगर पालिका स्वतंत्र इकाई है इसके पास टैक्स कलेक्शन सहित हर तरह के अधिकार हैं। ऐसे में वह शहरी विकास सचिव से भी पालिका के लिए बजट उपलब्ध करावाने की मांग करेंगी। यहां मनोनीत सभासद मनोज जोशी, गजाला कमाल, कैलाश रौतेला, रेखा आर्य, सागर आर्य, सपना बिष्ट, भागवत रावत, राजू टाक, मनोज जगाती, पुष्कर बोरा, तारा राणा, निकाय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन चिलवल, रितेश कपिल, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद महासचिव सोनू सहदेव आदि रहे।

# पौड़ी को मिलेगी 50 बेड के क्रिटीकल केयर सेंटर की सौगात



: डीएम डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे कार्यदायी संस्था के अधिकारी से क्रिटीकल केयर सेंटर के बारे में जानकारी लेते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे ने गुरूवार देर सांय को चिकित्सा विभाग व सिंचाई विभाग प्रोजक्ट डिवीजन देहरादून के साथ जिला अस्पताल के निकट 50 बेड के क्रिटीकल केयर सेंटर के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रस्तावित क्रिटीकल ब्लॉक को जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर बनाया जाना प्रस्तावित है जिससे उनकी सुविधाओं का भी उपयोग किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सर्वे के पश्चात चयनित भूमि में यदि स्थान कि कमी हो रही है तो सभी संभावनाओं को देखते हुए कार्य प्रगति आगे बढ़ायें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल से पावर हाउस की ओर जाने वाली सड़क के ऊपर वाले भाग में स्थान की कमी हो रही है तो सड़क के नीचे वाले स्थान को भी कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि यदि साइट डेवलपमेंट में धनराशि बढ़ती है तो उसका आंकलन कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र खाली स्थान पर कार्य प्रारम्भ करने संबंधी कार्ययोजना शासन को भेज कर अन्तिम रिपोर्ट से अवगत कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, सिंचाई विभाग प्रोजेक्ट डिवीजन देहरादून से एई तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## दो अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

उत्तरकाशी : लंबे समय से नशे के कारोबार में संलिप्त दो अभियुक्तों के खिलाफ उत्तरकाशी पुलिस ने गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है। इनमें से एक अभियुक्त को वर्ष 2016 में एनडीपीएस एक्ट के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरकाशी की ओर से छह माह का कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया जा चुका है। गुंडा एक्ट लगाने के बाद दोनों के खिलाफ मामला न्यायालय में विचाराधीन है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी दिनेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उत्तरकाशी में लंबे समय से दो अभियुक्त नशे के कारोबार में संलिप्त थे। पुलिस की ओर से सुमित पुण्डीर पुत्र विक्रम सिंह (27), निवासी भटवाड़ी रोड, उत्तरकाशी व अमित राज परमार पुत्र रामराज (35), निवासी थाती, डुण्डा, हॉल ज्ञानसू उत्तरकाशी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्रवाई करते हुये चालानी रिपोर्ट न्यायालय को भेज दी गयी है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### मामले की जांच रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित करने को डीएम को भेजा पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : तहसील पौड़ी के एक राजस्व क्षेत्र में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। राजस्व पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी दुकानदार के खिलाफ पोक्सो, छेड़छाड़, एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक ने बताया कि आरोपी व्यक्ति के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित किए जाने के लिए डीएम को पत्र भेज दिया गया है।

तहसील पौड़ी के एक राजस्व क्षेत्र स्थित एक गांव की 12 वर्षीय बच्ची क्षेत्र के बाजार की एक दुकान में रबर व पेंसिल लेने गई थी। जहां दुकानदार ने बच्ची को अकेला देख उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब बच्ची घर पहुंची और कमरे में जाकर रोने लगी। मां के पूछने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। नाबालिग की मां ने राजस्व पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी दुकानदार पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने, जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की। पीड़िता की मां ने राजस्व पुलिस से मामले में न्याय की गुहार करते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहा कि छोटी-सी बच्ची के साथ ऐसी घिनौनी हरकत हुई। इसके लिए आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाय। क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक दीपक बेलवाल ने बताया कि नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी के खिलाफ पोक्सो, छेड़छाड़, एससीएसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित किए जाने के लिए जिलाधिकारी पौड़ी को पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि केस हस्तांतरण का आदेश मिलते ही मामले से जुड़े समस्त दस्तावेज रेगुलर पुलिस को तत्काल सौंप दिए जाएंगे।

## त्रिलोक अध्यक्ष तो विनोद बनें वरिष्ठ उपाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : लोनिवि के राजकीय वाहन चालक संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन चालकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। कार्यकारिणी में त्रिलोक सिंह बिष्ट अध्यक्ष, विनोद सिंह नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोहन सिंह, उदयराम थपलियाल व मान सिंह उपाध्यक्ष, पुष्कर सिंह नेगी संरक्षक, दीपक नेगी मंत्री और अनंगपाल सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए।

# विधायक ने युवाओं से की स्वरोजगार अपनाने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : खादी ग्राम उद्योग आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी योजना का जागरूकता शिविर मढ़ी चौरास में आयोजित किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने युवाओं से स्वरोजगार अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के स्वर्णिम काल में भारत सरकार की योजनाएं पर्वतीय क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को अपने ही क्षेत्र में स्वयं का उद्योग स्थापित कर स्वरोजगार के साथ–साथ अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त कर पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे 35 प्रतिशत अनुदान एक मुश्त सीधे लाभार्थी के खाते में जमा की जाती है। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशकजीएस मलिक ने योजना की विस्तृत जानकारी के साथ पीएमईजीपी ई–पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनका विभाग जिला उद्योग केंद्र व जिला ग्राम उद्योग कार्यालय एवं बैंकों के सहयोग से पीएमईजीपी योजना को उत्तराखंड राज्य के सभी जनपदों में संचालित कर रहा है। जिसके द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं के छोटे उद्योग स्थापित कर स्वरोजगार का स्वर्णिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। कहा इस योजना में अधिकतम 50 लाख तक का उद्योग स्थापित किया जा सकता है। जिसके लिए विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्र के सभी वर्गों के लिए 35 प्रतिशत अनुदान उनके विभाग द्वारा किया जाता है। यह योजना सरलता से ही बेरोजगार युवकों तक पहुंचे उसके लिए आवेदन ऑनलाइन कराने का प्रावधान है। इस मौके पर भाजपा के रणजीत सिंह जाखी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, प्रमोद जखमोला, हिमश्री ममगाई, ओपी उपाध्याय, मो. इम्तियाज, टीएस कंडारी, योगेश्वर दत्त डिमरी, किशोर पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

उत्तरकाशी : पुलिस स्मृति दिवस पर शुक्रवार को पुलिस लाइन उत्तरकाशी स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजिल अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसपी अर्पण यदुवंशी ने देश के लिए शहीद हुए पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के जवानों को याद कर करते हुए कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ के साथ ड्यूटी निभाने को प्रेरित किया। एसपी यदुवंशी ने कहा कि 21 अक्तूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा पर लद्दाख के 15 हजार फीट ऊंचे बर्फीले दुर्गम क्षेत्र में 10 जवान शहीद हो गए थे। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की गश्ती टुकड़ी के ये शहीद जवान चीन के आक्रमणकारियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन्हीं वीर सपूतों के बलिदान की स्मृति में हर वर्ष 21 अक्तूबर को देश भर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

# दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक



नई टिहरी : दीपावली त्योहार का बाजारों पर असर दिखने लगा है। बाजार सजने लगे हैं। टिहरी के बौराड़ी और नई टिहरी बाजार में मिठाइयों की दुकान के साथ ही पटाखों, लड़ियों, बर्तनों और कपड़ों की दुकानें सजने लगी हैं। अन्य दिनों से हटकर बाजार में रौनक नजर आने लगी है। लोग दोहपर से देर शाम तक खरीदारी करते नजर आ रहे हैं।

दीपावली का त्योहार जनपद के विभिन्न कस्बों के बाजारों में रंग दिखाने लगा है। जिला मुख्यालय नई टिहरी सहित चंबा, कंडीसौड़, घनसाली, कैंपटी, धनोल्टी और नरेंद्रनगर के बाजारों में रौनक दिखने लगी है। बाजारों में दीपावली के लिए रंग–रोगन के बाद दुकानें सजी नजर आ रही हैं। लोग दुकानों में गिफ्ट, मिठाई, लड़ियां, फर्नीचर, कपड़े आदि खरीदते नजर आ रहे हैं। लोग दीपावली के लिए उपहार देते नजर आ रहे हैं। दीपावली की तैयारियों में लोग तल्लीन नजर आ रहे हैं। त्योहार को लेकर लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है। बाजारों में रौनक लौटने से व्यापारी भी खासे खुश नजर आ रहे है। धनतेरस के लिए व्यापारियों ने दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। बाजारों में नए–नए उत्पाद भी नजर आ रहे हैं। (एजेन्सी)

## दीपावली पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं

नई टिहरी : धनतेरस और दीपावली के पर्व सौहार्द और सुरक्षित ढंग से मनाने को लेकर चंबा थानाध्यक्ष ने व्यापारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। शुक्रवार को चंबा के निजी होटल में धनतेरस और दिवाली पर्व को सौहार्द एवं सुरक्षित मनाने हेतु थानाध्यक्ष पंकज देवरानी ने व्यापारियों, सीएलजी मेंबर्स एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि सभी लोग धनतेरस व दीपावली पर्व को शांतिपूर्वक, आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए सकुशलता से मनाये। कहा कि आतिशबाजी की बिक्री करने वाले व्यापारी आवश्यक रूप से लाइसेंस बना ले, साथ ही आग की घटनाओ से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी करें। उन्होंने मादक पदार्थो की तस्करी को रोकने के लिए जन सहयोग की अपील की। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिनेश बल्लभ, उप निरीक्षक जोगिंदर यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष विशन सिंह भंडारी, महामंत्री जोत सिंह रावत, संजय बहुगुणा, सूरज राणा, संदीप रावत, दर्मियान सिंह नेगी, शक्ति प्रसाद जोशी, दर्मियान सिंह सजवाण, सुरम तोपवाल, इंद्रसिंह नेगी, सोमवारी लाल सकलानी, राजू राणा, विकास रावत, लाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

# आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे भोजनमाताओं के परिवार



विकासनगर : पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित भोजनमाताओं ने बीईओ कार्यालय में अनिश्चतकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भोजनमाताओं का कहना है आर्थिक तंगी के चलते उनके परिवार में दीपावली पर्व मनाया जाना भी मुश्किल हो गया है। बताया कि जब तक मानदेय का भुगतान नहीं होगा तब तक दोपहर बाद बीईओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान भोजनमाता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा देवी ने कहा कि विभाग ने अप्रैल माह के बाद से अभी तक मानदेय नहीं दिया है, जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं। एक ओर प्रदेश सरकार नियमित कर्मचारियों को दीपावली बोनस का तोहफा दे रही है, वहीं दूसरी ओर भोजनमाताओं को उनकी मेहनत के मेहनताने से वंचित रखा गया है। अल्प मानदेय पर काम करने वाली महिलाओं के साथ सरकार भेदभाव कर रही है।

कहा कि महिला सशक्तीकरण का दावा करने वाली सरकार विद्यालयों में कार्यरत महिलाओं की उपेक्षा कर रही है। पांच माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण अधिकांश भोजनमाताओं के परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं। बच्चों को प्रत्येक दिन विद्यालय में छात्र–छात्राओं को भोजन कराने वाली भोजनमाताओं के सामने अपने बच्चों के भोजन के लिए घर में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि सभी भोजनमाताएं प्रत्येक दिन विद्यालय में बच्चों को एमडीएम खिलाने के बाद बीईओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी और मानदेय मिलने तक धरना जारी रहेगा।

## समूह बनाकर खेती करें किसान

विकासनगर : कृषि विभाग की ओर से साहिया क्षेत्र के गांवों में किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में किसानों को परंपरागत खेती, जैविक खेती प्रणाली से फसल उत्पादन, उद्यान, सब्जी उत्पादन के लिए कृषि निवेश और प्रयोग की जानकारी मुहैया कराई गई। शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र ढकरानी के वैज्ञानिक डा. संजय कुमार ने किसानों को समूह बनाकर खेती करने की सलाह दी। बताया कि खेती के साथ ही पशुपालन को भी व्यवसाय के तौर पर अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को फसल उत्पादन में नई तकनीक, फसलों की किस्म, खाद, उर्वरकों के उपयोग की मात्रा और प्रयोग की विधि विस्तारपूर्वक बताई।

# योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य : सीडीओ

नई टिहरी : जिला सभागार में सीडीओ मनीष कुमार ने जनपद स्तरीय आधारकार्ड निगरानी समिति की बैठक ली। बैठक में आधार कार्ड बनाने को लेकर तमाम तरह के दिशा–निर्देश दिए।

सीडीओ ने कहा कि यह समिति आधार परियोजना से संबंधित कामों की निगरानी करने के साथ ही कामों में आ रही समस्याओं का निस्तारण भी करेगी। समिति की हर तीन माह में बैठक आयोजित की जायेगी। कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की संचालित की जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है।

बैठक में सीडीओ ने जनपद के समस्त एसडीएम सहित ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित आधार सेंटरों में कैम्प लगाकर 10 वर्ष से अधिक समय के आधार कार्डों को अपडेट करने में तेजी लाना सुनिश्चित करें। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के अधिकारी शिवप्रसाद उनियाल एवं शुभम त्यागी ने यूआईडीएआई के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जनपद में लगभग दस हजार आधार कार्डों को संशोधित कर अपडेट किया जाना है। उन्होंने बताया कि बढ़ती उम्र में मानव शरीर में कई परिवर्तन आते हैं, जिस कारण आधार कार्ड को अपडेट कराया जाना चाहिए। वहीं पांच साल के बाद बच्चों का आधार कार्ड में फिंगर के लिए आधार संशोधन कराये जाने हैं। इस मौके पर समिति में महिला कल्याण एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, दूर संचार विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा समाज कल्याण विभाग को आधार कार्ड बनाये जाने के लिए यूआईडीएआई में रजिस्टार नियुक्त किये गये हैं। जिनसे आधार सम्बंधी काम करवाये जायेंगे। इस मौके पर ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हरेंद्र शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी किशन चौहान सहित कई मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# स्थानीय उत्पादों को अपनाकर लोगों की आजीविका मजबूत करें

नई टिहरी। जिला प्रशासन ने कलक्ट्रेट परिसर में आजीविका दीपावली मेले का आयोजन किया। मेले का शुभारंभ डीएम डा. सौरभ गहरवार ने किया। इस मौके पर डीएम डा. गहरवार ने कहा कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री से आजीविका संवर्द्धन ही नहीं, बल्कि उत्पादों का प्रसार होने से स्थानीय उत्पादों को पहचान मिलेगी।मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डों से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की तैयार की गई सामग्री एवं स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मेले में सभी विकासखण्डों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं न लगभग 50 हजार रूपये के उत्पादों की बिक्री की। इस मौके पर पूर्व जिलाधिकारी एसएस पांगती भी मेले में पहुंचे। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों व स्थानीय लोगों से अपील की, कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर स्थानीय लोगों की आजीविका को मजबूत करें। त्योहारी में दीपावली मेले का आयोजन से स्थानीय उत्पादों की बिक्री होने के साथ ही महिलाओं की आर्थिकी को बल मिला। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि दीपावली मेले का अच्छा रिस्पांस रहा है। आगे भी इस तरह के मेलों का आयोजन किया जायेगा। मेले में अधिकारी–कर्मचारी व स्थानीय लोग खरीददारी करते नजर आये। मेले में विभिन्न ब्लाकों के महिला समूहों ने स्टॉलों में स्थानीय उत्पाद में गहथ, भंगजीरा, जख्या, मंडवा का आटा, झंगोरा, दालें, तिल आदि के अलावा अचार, पहाड़ी नमक, जैम, रोटना, हवन सामग्री, धूपबत्ती, मोमबत्ती, एलईडी लड़ियां, स्वेटर, वॉल हेगिंग, साबुन, तेल आदि रखा गया था। जिनकी लोगों ने जमकर खरीददारी की। (एजेन्सी)

## सेलाकुई में क्षतिग्रस्त पुलिया, दुर्घटना का बना खतरा

विकासनगर : नगर कांग्रेस कमेटी ने सेलाकुई निकाय क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए अधिशासी अधिकारी से नगर में फैली समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित पंवार ने कहा कि हरिपुर में कैनाल रोड की पुलिया बीते एक साल से टूटी हुई है। जिससे यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बताया कि यह मार्ग करीब एक हजार की आबादी को आवागम की सुविधा देता है। दो सौ के करीब बच्चे इसी मार्ग से हर रोज स्कूल जाते हैं। यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्ग होने के बावजूद पालिका प्रशासन क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करने को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

# त्योहारी सीजन में बाजार में बढ़ी रौनक, जाम बना मुसीबत



ऋषिकेश : त्योहारी सीजन के चलते शहर के बाजारों में रौनक बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही जाम की समस्या भी गहराने लगी। शुक्रवार को शहर के बीच बाजार में ई–रिक्शा के घुसने से जाम लगता रहा।

धनतेरस से एक दिन पहले ही ऋषिकेश के बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार सुबह से लोग खरीदारी के लिए बाजार निकल पड़े।

लेकिन उन्हें बीच बाजार में जाम से जूझना पड़ा। इसकी वजह शहर के अंदर बाजार में ई–रिक्शा के घुसने से हुई। ई–रिक्शा चालक भीड़ के बावजूद मुखर्जी मार्ग, रेलवे रोड, घाट रोड, सुभाष चौक, क्षेत्र रोड आदि मार्ग पर सवारियां ढोते नजर आए। इससे जाम की समस्या बनने लगी। वहीं मेन रोड पर भी जाम ने लोगों को परेशान किया। हरिद्वार रोड, दून तिराहे, चंद्रभागा पुल और मुनिकीरेती के कैलाश गेट, शिवानंद गेट, तपोवन तिराहे पर वाहनों के अत्यधिक दबाव बढ़ने की वजह से जाम लगा। ऋषिकेश के कोतवाल रवि सैनी ने बताया कि त्योहार के चलते बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ी है। बड़े वाहनों को बाजार के अंदर आने से रोका जा रहा है। चौक–चौराहों के साथ ही बाजार में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। (एजेन्सी)

# पर्यावरण मित्र के बिना निकाय स्तर पर स्वच्छता की कल्पना व्यर्थ

### डोईवाला में हुआ पर्यावरण मित्रों का सम्मान

ऋषिकेश : शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नगर पालिका डोईवाला में कार्यरत पर्यावरण मित्रों का सम्मान किया। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नेशनल अवार्ड मिलने का श्रेय पर्यावरण मित्रों को दिया। शुक्रवार को पालिका परिसर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नगर पालिका परिषद डोईवाला का फास्ट मूविंग सिटी श्रेणी में बढ़ते हुए नेशनल अवार्ड मिलने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वित्तमंत्री ने कहा कि पर्यावरण मित्र के बिना निकाय स्तर पर स्वच्छता की कल्पना नहीं की जा सकती। पर्यावरण मित्र ही किसी भी निकाय की रीढ़ की हड्डी होते हैं। कोरोना काल में पर्यावरण मित्रों ने एक योद्धा की भूमिका निभाते हुए कोरोना से सीधा मुकाबला किया था। उत्तराखंड को पहली बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की विभिन्न श्रेणी में 6 अवार्ड मिले हैं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष डोईवाला सुमित्रा मनवाल, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक सचिन रावत, अमित कुमार, सतीश चमोली, रविंद्र पवार सहित सभी सभासद तथा पर्यावरण मित्रों के परिजन उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

## आप युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनें शुभम

ऋषिकेश : आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नितिन जोशी ने डोईवाला निवासी शुभम लोधी को डोईवाला युवा मोर्चा का विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## स्मृति दिवस पर शहीदों को किया याद

नई टिहरी : स्मृति दिवस के मौके पर चंबा पुलिस लाइन में पुलिस ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विजेंद्र दत्त डोभाल ने कहा कि पुलिस के वीर जवान हमेशा ही अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं।पुलिस कर्मियों ने शहीद पुलिस कर्मियों को याद करते हुए कहा कि 21 अक्तूबर,1959 को भारत की उत्तरी सीमा पर लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र हॉटस्प्रिंग में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक गश्ती टुकड़ी के बहादुर जवानों ने चीनी अतिक्रमणकारियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। वीरता की इस मिसाल को हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनकी याद में मनाये हर वर्ष मनाये जाने वाले स्मृति दिवस उत्तराखंड के उन 6 पुलिस अधिकारियों को भी याद किया गया।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

### कोटेशन नोटिस (द्वितीय सूचना)

छावनी परिषद् कार्यालय लैन्सडौन द्वारा छावनी क्षेत्र में पशु वधशाला में पशुओं को स्लाटर करने पूर्व उन्हें स्टेनिंग प्रक्रिया स्टन मशीन (Stunning Gun) हेतु इच्छुक सप्लायरों/वितरकों/उत्पादकों से ऑनलाईन कोटेशन www.defproc.gov.in वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑनलाईन भरने की तारीख | 09 नवम्बर 2022 समय 1100 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | 10 नवम्बर 2022 समय 11.30 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑनलाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं

पत्रांक सं0 2510/2022-23/छा0परि0

दिनाँक :...................अक्टूबर 2022

मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद् लैन्सडौन।

सम्पादकीय

## उत्तराखंड से हिमाचल पर नजर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर उत्तराखंड की सर जमी पर उतरे हैं और ना केवल उन्होंने यहां एक रात बिताई कल की उत्तराखंड के लिए पर्यटन की दिशा में कई बड़ी योजनाओं की भी नीव रख रहे हैं। उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का अटूट प्रेम इससे पहले भी कई बार देखा गया है जब उन्होंने उत्तराखंड के पवित्र धाम केदारनाथ के पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए ना केवल दिल खोलकर केंद्रीय सहायता दी बल्कि यह होने वाले निर्माण कार्यों को खुद अपने स्तर पर जांचने परखने भी रहे। प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर उत्तराखंड के पहुंचे हैं जाओ उन्होंने बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी इस यात्रा के कई मायने इसलिए भी लगाए जा रहे हैं क्योंकि जल्द ही उत्तराखंड के पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं और जिस प्रकार की वेशभूषा उन्होंने केदारनाथ यात्रा के दौरान पहनी वह हिमाचली परिधान है जिसकी खूब चर्चा भी हुई। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी अवसरों का प्रयोग करना जानते हैं और उन्होंने उत्तराखंड की केदारनाथ यात्रा के दौरान हिमाचली वेशभूषा पहनकर हिमाचल के लोगों का भी दिल जीतने की कोशिश की है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न उत्तराखंड को 3400 करोड़ रुपये के कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट की सौगात दी, केदारनाथ रोपवे का शिलान्यास किया तथा अन्य योजनाओं के तहत इसके बाद हेमकुंड साहिब रोपवे और माणा में सड़कों की डबल लेन परियोजना का शिलान्यास किया। पर्यटन को लेकर मोदी ने उत्तराखंड के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण बात कही उसमें देश के अंतिम गांव माणा में पर्यटन के नए युग की शुरुआत के संकेत दिए। पर्यटन की द्दष्टि से ऐसी परियोजनाएं प्रस्तावित है जिसके तहत इन परियोजनाओं के शुरू होने के बाद श्रद्धालु बद्रीनाथ यात्रा के दौरान केदारनाथ एवं माणा के दर्शन के लिए भी पहुंच सकेंगे। यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ धाम के दर्शन करने का अवसर निकाल ही लेते हैं लेकिन इस बार उन्होंने केदारनाथ में ही एक रात बिताने का निर्णय लेकर बाबा केदार के प्रति अपनी अटूट आस्था का भी परिचय दिया है। देश के अंतिम गांव माणा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या फिर यह कहे कि किसी भी प्रधानमंत्री का उनके गांव तक पहुंचना किसी सपने से कम नहीं है। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री ने केदारनाथ दर्शन को हिमाचल के चुनाव से भी जोड़ा है एवं बाबा केदारनाथ से हिमाचल की सफलता का भी वरदान अवश्य मांगा होगा। यही कारण है कि उनकी वेशभूषा में पूरी तरह से हिमाचल प्रदेश का पूरा प्रभाव नजर आया है। उत्तराखंड भाजपा प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से काफी उत्साहित है खासतौर से मुख्यमंत्री धामी केंद्र में अपनी पकड़ एवं प्रधानमंत्री से निकटता का प्रदर्शन करने में भी कामयाब साबित हुए हैं।

## इंसान-जानवर का संघर्ष



एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस मसले का हल अब जरूरी है।

हाल में नामीबिया से चीते भारत लाए गए, तो उनकी खूब चर्चा रही। उन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोडने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां गए। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपने जन्म दिन का विशेष अवसर चुना। जाहिर है, उससे वन्य जीवों के प्रति प्रधानमंत्री के लगाव का संदेश सारे देश को दिया गया। इसीलिए प्रधानमंत्री से यह अपेक्षित है कि वे देश के कई इलाकों में इनसान और जानवरों के बीच बढ़ रहे विरोध पर भी ध्यान दें। अब यह जरूरी हो गया है कि ऐसी विरोध स्थितियों को हल करने के प्रभावी कदम यथाशीघ्र उठाए जाएं। हाल में बिहार में वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व के एक बाघ के नरभक्षी बनने के बाद सरकार के आदेश पर उसे मार दिए जाने की घटना ने ऐसे टकरावों की तरफ सारे देश का ध्यान खींचा है। इससे वन्य जीव अभयारण्यों के आसपास के इलाकों में बसे लोगों की सुरक्षा का सवाल उठा है और प्रोजेक्ट टाइगर के औचित्य पर भी बहस शुरू हो गई है।

एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। इसे देश का पांचवां सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व और वन्य जीव अभयारण्य माना जाता है। यहां रयल बंगाल टाइगर प्रजाति के बाघ हैं। यहां से निकले एक बाघ ने सिर्फ सितंबर महीने में ही छह लोगों की जान ले ली। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हुए और कई मवेशियों की भी जान गई। इस कारण आसपास के करीब 50 से अधिक गांवों के लोग एक महीने से ज्यादा समय से डर के साये में जी रहे थे।

आखिरकार बाघ को नरभक्षी घोषित कर उसे मार दिया गया। बहरहाल, ऐसी समस्या पैदा होने का यह पहला मामला नहीं है। बल्कि कई अन्य अभयारण्यों के पास भी जानवर अक्सर आसपास के रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं। बेशक जंगली जानवरों के हमले की वजह मनुष्यों और जानवरों के बीच के संघर्ष हैं। इसके समाधान पर सोचना अब जरूरी हो गया है।

# कांग्रेस में नए युग की शुरुआत

**मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को चुनावी फायदा भी होगा। वे कर्नाटक के जमीनी नेता हैं। उनका अध्यक्ष बनना कन्नाडिगा के सम्मान की बात है। वहां अगले साल मई में चुनाव होना है और कांग्रेस को खडगे के अध्यक्ष बनने से लाभ मिलेगा। खडगे नया वोट समूह पार्टी के साथ जोड़ सकते हैं, पार्टी की आंतरिक खींचतान को खत्म करा सकते हैं और जरूरत पडने पर देवगौड़ा परिवार के साथ तालमेल भी करा सकते हैं। ध्यान रहे कर्नाटक से कांग्रेस को बड़ी उम्मीद है। विधानसभा चुनाव में जीत के साथ साथ कांग्रेस को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में पिछली बार भाजपा को जो छप्पर फाड़ जीत मिली थी उसे इस बार बदला जा सकता है। यह काम खडगे के नाम, चेहरे और उनकी सक्रियता से संभव है। कर्नाटक के साथ साथ पूरे दक्षिण भारत में खडगे कांग्रेस के बहुत काम आएंगे। ध्यान रहे कांग्रेस की कुल 52 लोकसभा सीटों में से आधी यानी 26 सीटें सिर्फ तीन राज्यों- तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना से मिली हैं।**

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में सिर्फ छह मौके ऐसे आए हैं, जब अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इन छह मौकों में से तीन मौके पिछले ढाई दशक में आए हैं। पहले 1997 में सीताराम केसरी चुनाव के जरिए अध्यक्ष बने फिर सन 2000 में सोनिया गांधी चुनाव लड़ कर कांग्रेस अध्यक्ष बनीं और अब मल्लिकार्जुन खडगे एक हाई वोल्टेज प्रचार अभियान वाले चुनाव के बाद भारी बहुमत से जीत कर कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं। सोचें, जिस पार्टी को लेकर वंशवाद के सबसे गंभीर और बड़े आरोप लगते रहे हैं उस पार्टी में पिछले ढाई दशक में तीन बार अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। दूसरी ओर जो पार्टियां आरोप लगाती हैं उनकी स्थापना के बाद से ही कोई चुनाव नहीं हुआ है। हर बार आम सहमति, जिसका मतलब पार्टी के सर्वोच्च नेता की मंजूरी होती है, उससे अध्यक्ष चुने जाते हैं। पार्टियों के सर्वोच्च नेता या तो खुद अध्यक्ष होते हैं या उनकी बैठाई माटी की मूरतें होती हैं। देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में भी अभी तक कभी चुनाव की स्थिति नहीं आई। आज तक ऐसा नहीं हुआ कि एक से ज्यादा व्यक्ति ने नामांकन दाखिल किया हो।

बहरहाल, भारतीय राजनीति की इस बुनियादी कमी पर अलग से विचार की जरूरत है। फिलहाल कांग्रेस पार्टी की चर्चा है, जिसको 24 साल के बाद एक गैर गांधी अध्यक्ष मिला है। कोई ढाई दशक के बाद ऐसा हुआ है, जब कांग्रेस की कमान नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति के हाथ में गई है। इतने ही अरसे के बाद दक्षिण भारत का कोई नेता कांग्रेस का अध्यक्ष बना है। नेहरू-गांधी परिवार के बाहर के और दक्षिण भारत के व्यक्ति का अध्यक्ष बनना कांग्रेस में नए युग की शुरुआत है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सोनिया और राहुल गांधी का असर नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर होगा। खुद खडगे ने भी कई बार कहा कि वे गांधी परिवार से सलाह लेने में नहीं हिचकेंगे। यह बहुत स्वाभाविक है क्योंकि सोनिया और राहुल गांधी दोनों कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। सो, पूर्व अध्यक्ष के नाते उनकी हैसियत भी है और उनके पास लंबा अनुभव भी है। इसलिए अगर खडगे उनकी सलाह से लेकर कांग्रेस चलाते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। भाजपा कांग्रेस के नए अध्यक्ष को रिमोट कंट्रोल से चलने वाला बता रही है। यह सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना है क्योंकि भाजपा की स्थापना के बाद पिछले 42 साल में जितने भी अध्यक्ष हुए हैं उनमें तीन-चार को छोड़ दें तो बाकी हर नेता से ज्यादा अनुभव और ज्यादा बड़ा कद मल्लिकार्जुन खडगे का है।

यह संयोग है या प्रयोग यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन कांग्रेस की राजनीति में दो घटनाएं एक साथ हुई हैं। पहली राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा पर निकलना और दूसरी नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के एक दिग्गज नेता का कांग्रेस अध्यक्ष बनना। ये दोनों घटनाएं बहुत बड़े मायने वाली हैं। पिछले आठ साल से कांग्रेस की सर्वाधिक आलोचना इस बात को लेकर होती थी कि उसमें पार्टी अध्यक्ष का पद गांधी परिवार के लिए आरक्षित है। भाजपा से तुलना करते हुए पार्टी के नेता अक्सर कहा करते थे कि भाजपा में कोई भी अध्यक्ष बन सकता है, जबकि कांग्रेस में गांधी परिवार का ही कोई व्यक्ति अध्यक्ष बनेगा। इसे लेकर कई तरह के मजाक सुनाए जाते थे। खडगे के अध्यक्ष बनने से इस आलोचना की धार कुंद पड़ जाएगी। चाहे उन्हें रिमोट कंट्रोल्ड अध्यक्ष कहा जाए लेकिन हकीकत यह है कि अध्यक्ष के पद पर गैर गांधी बैठा होगा। खडगे की खासियत यह भी है कि वे किसी राजनीतिक वंश के नहीं हैं। वे दलित समाज से आते हैं और कोई 55 साल पहले उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर कांग्रेस की राजनीति शुरू की थी। कांग्रेस की दूसरी आलोचना राहुल गांधी को लेकर होती थी। अक्सर कहा जाता था कि राजनीति में उनकी रूचि नहीं है, वे अक्सर विदेश चले जाते हैं, वे जमीन पर उतर कर राजनीति नहीं करते आदि आदि। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल ने इन तमाम आलोचनाओं का जवाब दिया है। ये दोनों घटनाक्रम एक साथ हुए हैं इसलिए इनका असर ज्यादा गहरा और दूरगामी होगा।

अब सवाल है कि खडगे के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस में क्या बदलेगा? सबसे पहले तो काम करने का तरीका और कार्य संसति बदलेगी। अब सोनिया और राहुल गांधी आमतौर पर 10, जनपथ या नौ, तुगलक लेन से ही राजनीति करते थे। इसके उलट खडगे कांग्रेस मुख्यालय में बैठेंगे। इसका सबसे बड़ा असर यह होगा कि नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी मुख्यालय में आना जाना बढ़ेगा। खडगे एसपीजी या जेड प्लस सुरक्षा घेरे में रहने वाले नहीं हैं इसलिए पार्टी नेता उनसे सहज तरीके से मिल पाएंगे और अपनी बात कह पाएंगे। उनकी जो नई टीम बनेगी उसके नेता भी उनके साथ



सहज होंगे। खडगे के पास संगठन का बहुत व्यापक अनुभव है। वे गुलबर्गा में नगर अध्यक्ष रहे हैं, कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसलिए उनको पता है कि आम कार्यकर्ताओं से कनेक्ट कैसे बनता है और संगठन को कैसे मजबूत किया जाता है। यह उनको किसी से सीखने की जरूरत नहीं है।

मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को चुनावी फायदा भी होगा। वे कर्नाटक के जमीनी नेता हैं। उनका अध्यक्ष बनना कन्नाडिगा के सम्मान की बात है। वहां अगले साल मई में चुनाव होना है और कांग्रेस को खडगे के अध्यक्ष बनने से लाभ मिलेगा। खडगे नया वोट समूह पार्टी के साथ जोड़ सकते हैं, पार्टी की आंतरिक खींचतान को खत्म करा सकते हैं और जरूरत पडने पर देवगौड़ा परिवार के साथ तालमेल भी करा सकते हैं। ध्यान रहे कर्नाटक से कांग्रेस को बड़ी उम्मीद है। विधानसभा चुनाव में जीत के साथ साथ कांग्रेस को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में पिछली बार भाजपा को जो छप्पर फाड़ जीत मिली थी उसे इस बार बदला जा सकता है। यह काम खडगे के नाम, चेहरे और उनकी सक्रियता से संभव है। कर्नाटक के साथ साथ पूरे दक्षिण भारत में खडगे कांग्रेस के बहुत काम आएंगे। ध्यान रहे कांग्रेस की कुल 52 लोकसभा सीटों में से आधी यानी 26 सीटें सिर्फ तीन राज्यों- तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना से मिली हैं। इसे बचाते हुए कांग्रेस को इनमें कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से बढ़ोतरी करनी है, जिसमें खडगे का चेहरा काम आएगा। खडगे का दलित होना कांग्रेस के पुराने और समर्पित दलित वोट को फिर से पार्टी के साथ जोडने में भी काम आएगा।

अब खडगे का बायोडाटा नोट करें और देश के किसी भी बड़े नेता से तुलना करें- वे नौ बार विधायक रहे। दो बार लोकसभा सांसद और फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। वे राज्य सरकार में मंत्री रहे और तीन बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए। वे केंद्र सरकार में मंत्री रहे। कांग्रेस विपक्ष में आई तो लोकसभा में पार्टी के नेता बने और अभी राज्यसभा में कांग्रेस के नेता हैं। वे कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। तमाम उतार-चढ़ाई और अच्टे-बुरे दिनों के बावजूद वे कांग्रेस में बने रहे और अपनी शिकायतों के बावजूद पार्टी के अनुशासित सिपाही की तरह काम किया। जो भी जिम्मेदारी मिली उसे दिल से निभाया। कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता से कांग्रेस अध्यक्ष बनने का खडगे का सफर कांग्रेस और दूसरी सभी पार्टियों के नेताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# भारत का राजा, पृथ्वी का अकेला ध्वजाधारी!

हरिशंकर व्यास

इस हेडिंग का आपको क्या अर्थ समझ आया? यदि नहीं तो आप दुनिया का नक्शा ले कर ढूंढे कि उसमें भारत के अलावा पृथ्वी पर वह दूसरा कौन सा देश है, जहां का प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या इस्लामी बादशाह देश का धर्मराजा बना हुआ है? शासक धर्म मान्यता की नित नई झांकी दर्शाए होता है! जनता अपने प्रधानमंत्री को ईश्वर का अवतार तथा उसके धर्म-कर्म के अश्वमेध यज्ञों, शाही भव्यताओं से गद्गद होती है! उससे धर्मराज प्राप्त होने के गौरव,सुरक्षा और सतुयगी खुशहाली से अपने को विश्वगुरू समझती है! याद करें त्रेता युग के धर्मनिष्ठ राजा दशरथ और राजा रावण के धर्म व्यवहार को। या तो वह वक्त था या सन् 2021 का वक्त है जब भारत भूमि को वह धर्मराजा प्राप्त है जो कभी केदारनाथ, कभी काशी विश्वनाथ, कभी महाकाल, कभी अयोध्या, कभी दक्षिण, कभी उत्तर, कभी पूरब, कभी पश्चिम में पूजा के वस्त्र धारण किए हुए, ललाट पर चंदन और गले में रूद्राक्ष व माला पहने श्अपनी सत्ता की रक्षा के लिए शिखा धारण कर धर्मध्वजी होने का अभिनय करे। आखरिी वाक्य में शांतिपर्व से कोट कर रहा हूं।

तभी तुलना करें त्रेतायुग में उन राजा दशरथ और राजा रावण के महा अनुष्ठानों से मौजूदा राजा द्वारा अपने को धर्मध्वजी बतलाने के अनुष्ठानों और चमत्कारों की। क्या हिंदू प्रजा अपने धर्मध्वजी राजा नरेंद्र मोदी से मोटिवेटेड हुए अपने को धन्य नहीं मानती है? क्या इन हिंदुओं के अनुसार मोदी से भारत सोने की चीडियां हुआ और विश्वगुरू नहीं है?

अब राजा और प्रजा की भारत मनोदशा से फिर अमेरिका, यूरोप के राष्ट्रपतियों व प्रधानमंत्रियों से तुलना करें। क्या कही भी कोई ऐसी धर्मध्वजी राजनीति करता मिलेगा? क्या अफीक्री देशों, उनके प्रधानमंत्रियों-राष्ट्रपतियों में कोई अपने आदि कबीलाई धर्मों का ऐसा पालनकर्ता है? क्या सउद्दी अरब के बादशाह को मक्का-मदीना के नवनिर्माणों पर इस्लाम की ध्वजा लिए अपने को देवत्व खलीफा बतलाते हुए देखा है? क्या रूसी अर्थोडक्स चर्च की धर्मानुगत जारशाही के अनुष्ठानों में व्लादीमिर पुतिन को किसी ने पूजा-पाठ करते हुए अंधविश्वासों से जनता को रिझाते देखा है? क्या चाइनीज-कम्युनिस्ट राष्ट्रपति, जापानी प्रधानमंत्री या यहूदियों के प्रधानमंत्री अपनी-अपनी हान, कंफ्यूशियस, बौद्ध या यहूदी सभ्यता के प्राचीन धर्मराष्ट्र को हिंदुओं के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल, योगी आदित्यनाथ, राहुल गांधी की तरह धर्मध्वजा प्रतीको से अपने को आस्थावान बतला कर जनता को रिझात देखा है?

तभी इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक का भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है, बल्कि वह दुनिया का वह धर्मध्वजाधारी इलाका है जो कलियुगी चमत्कारों और अंधविश्वासों में सांस लेता है। हिंदुओं को 21 वीं सदी में वह राजा, वह राजनीति मिली है, जो काले जादू, काले कपड़ों की मान्यताओं, रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों तथा देवत्व की छाप के

**अर्थशास्त्र के तेरहवें अध्याय में विजयेच्छु राजा की अलौकिक शक्तियों के प्रचार के लिए जितने भी सुझाए दिए गए हैं उन सबका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेखूबी उपयोग किया है, कैसे, यह घटनाओं के सिलसिले से अपने आप मालूम होता जाएगा। चमत्कारों का सहारा लेना, सुसंगठित तंत्र द्वारा चतुराई से प्रचार करवा कर राजा की सर्वज्ञता और देवत्व की लोगों पर छाप बनाना, अंधविश्वासों को हवा देना, लोगों के बीच राजा की अलौकिक शक्तियों की भ्रांति बनाने का अनुभव इक्कीसवीं सदी में पृथ्वी पर सिर्फ और सिर्फ हिंदू जनता प्राप्त करते हुए हैं। तभी मेरा मानना है कि भारत आज दुनिया का अकेला धर्मध्वजी शासन व्यवस्था वाला। रामशरण शर्मा की पुस्तक प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार में एक अध्याय है। इसमें धर्म और राजनीति का उपसंहार है कि अंधविश्वास और राजनीति का आपसी रिश्ता कौटिल्य की ति की ऐसी वह विशेषता है, जिसकी और सामान्यतरू ध्यान नहीं दिया जाता।**

राजा, राजा की सर्वज्ञता, उसकी एकलता, उसकी अलौकिक शक्तियों से प्रजा को मंत्रमुग्ध बनाती है और उससे राजा अपनी सत्ता की रक्षा और विस्तार करता है।

सवाल है आधुनिक काल में राजनीति और राज करने के तरीकघें के भारत के ये फार्मूले कहा से आए, कैसे बने? तो जवाब है भोले हिंदुओं की गुलाम-भक्त बुनावट और चाणक्य द्वारा अज्ञानी प्रजा के हवाले लिए गए सत्ता सूत्रों से। हां, सबका जवाब चाणक्य उर्फध् कौटिल्य लिखित श्अर्थशास्त्र किताब के सूत्र हैं। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के तेरहवें अधिकरण में अंधविश्वास और राजनीति के इतने फर्मूले राजा को सुझाए थे कि उनमें एक-एक का उपयोग कर प्रधानमंत्री मोदी ने इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में अपना कर अपनी सत्ता का धर्मध्वजा बना डाला है। अर्थशास्त्र के वी, 2 और वी, 3 के सूत्रों में प्रजा को अंधविश्वासों और झूठ में पाल कर कैसे राजनीति हो, इसको बताया गया हैं। इसके कई सूत्र है। जैसे- राजा को अपनी अंदरूनी और बाहरी स्थितियों को मजबूत करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए।ज् धार्मिक प्रथाएं अंधविश्वास मात्र हैं और शासकों को चाहिए कि वे अपने स्वार्थों के लिए इनसे लाभ उठाएं।ज्लोगों को राजा की सर्वज्ञता और देवता जैसे होने का अहसास कराया जाए।.गुप्तचरों के जरिए अफसरों, दुश्मन लोगों की गतिविधियों का पता लगा कर राजा लोगों के मन पर ऐसी छाप बनवाए कि हमारा राजा तो ऐसा है कि वह अपनी अलौकिक शक्तियों से सबकी सारी बातें जान लेता है।.राजा देवताओं का खास है यह भी प्रचारित हो।ज्वह अपनी अलौकिक शक्ति का परिचय देने के लिए जल में जादू के कुछ करतब भी दिखा सकता है।.आदि, आदि। मतलब नौटंकियाँ कर सकता हैं। धर्म में आस्था न हो लेकिन दिखावा जरूर हो।

हां, कौटिल्य ने राजा को अपने प्रचार के लिए और उसके देवत्व याकि भगवान होने की जनता को प्रतीति (अहसास) कराने के प्रचार में सात तरह के लोगों की सेवा लेने की सलाह दी है। ये लोग हैरू ज्योतिषी, भविष्यवक्ता, मोहूर्कतिक, कथावाचक, ईक्षणिक मतलब भविष्य का शुभाशुभ बताने वाले और गुप्तचर व साचिव्यकर याकि राजा का सहचर। अर्थशास्त्र के सूत्र 103 में पंडितों, पुरोहित वर्ग का महत्व बताते हुए चाणक्य ने लिखा है कि लोकमत बनाने के लिए पुरोहितों की भूमिका असरदार और महत्व की होती है। इससे राजा की अलौकिक शक्तियों याकि छप्पन इंची छाती का जलवा बनाने, विदेश में भी राजा के समक्ष देवताओं के प्रकट होने, राजा द्वारा स्वर्ग से वरदान लिए हुए होने और उसकी विजय अवश्यंभावी की धारणा बनती है। ऐसे ही अपने अफसरों से आकाश से लुआठी दिखा कर और नगाड़े का शोर मचाकर दुश्मन और उसके लोगों की हार तय दिखलाई जाए।

अर्थशास्त्र के तेरहवें अध्याय में विजयेच्छु राजा की अलौकिक शक्तियों के प्रचार के लिए जितने भी सुझाए दिए गए हैं उन सबका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेखूबी उपयोग किया है, कैसे, यह घटनाओं के सिलसिले से अपने आप मालूम होता जाएगा। चमत्कारों का सहारा लेना, सुसंगठित तंत्र द्वारा चतुराई से प्रचार करवा कर राजा की सर्वज्ञता और देवत्व की लोगों पर छाप बनाना, अंधविश्वासों को हवा देना, लोगों के बीच राजा की अलौकिक शक्तियों की भ्रांति बनाने का अनुभव इक्कीसवीं सदी में पृथ्वी पर सिर्फ और सिर्फ हिंदू जनता प्राप्त करते हुए हैं। तभी मेरा मानना है कि भारत आज दुनिया का अकेला धर्मध्वजी शासन व्यवस्था वाला। रामशरण शर्मा की पुस्तक प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार में एक अध्याय है। इसमें धर्म और राजनीति का उपसंहार है कि अंधविश्वास और राजनीति का आपसी रिश्ता कौटिल्य की ति की ऐसी वह विशेषता है, जिसकी और सामान्यतरू ध्यान नहीं दिया जाता। कौटिल्य ने इस बात पर बहुत जोर दिया है कि विदेश नीति में राज्य के हितसाधन के निमित्त जनसाधारण के अज्ञान और अंधविश्वास से राजा को लाभ उठाना चाहिए!

सोचें, मौजूदा वक्त पर लागू इस उपसंहार पर। इसमें मेरी थीसिस है कि प्राचीन हिंदू राजाओं ने अपनी सर्वज्ञता में हिंदुओं को बुद्धिहीन, अंधविश्वासी बनाने का महा पाप किया। उसके कारण कौम की ताकत जीरो हुई। हिंदुओं को सैकड़ों साल मुस्लिम बादशाहों की गुलामी झेलनी पड़ी। अब उसी प्रवृत्ति में नरेंद्र मोदी अपनी ध्वजाधारी राजनीति में हिंदुओं को बहलाते हुए और उनके अज्ञान का लाभ उठा उन्हें और अंधविश्वासी बना रहे है। वे हिंदुओं के वर्तमान और भविष्य को ऐसा खोखला बना दे रहे हैं कि इतिहास वापिस रिपीट होगा।

## शिवराज का मूल मंत्र सामाजिक समरसता

अजय दीक्षित

रामराज की संकल्पना के लिये सामाजिक समरसता भी आवश्यक मंत्र है, जिसको लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में मूर्त रूप दिया है । वास्तविकता के धरातल पर अवतरित किया है । वह महान संत रविदास के दोहे को मंत्र मानते हैं और कहते हैं कि -ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न ।

छोट- बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न ।

शिवराज के शासन का मूल मंत्र भी सामाजिक समरसता है। जिसमें सब लोग प्रसन्न रहें, मिलजुल कर रहे। शिवराज सरकार, केन्द्र एवं राज्य की 300 से अधिक जन हितैषी योजनाओं को धरातल पर उतार कर सभी पात्र हितग्राहियों लाभ दे रही है। समावेशी समाज का निर्माण हो रहा है । सभी वर्ग के पात्र लाभार्थियों को लगभग 43 लाख आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण प्रधानमंत्री आवास दिए गये हैं । 43 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ मध्यप्रदेश में रजिस्टर्ड हो गई है । मुख्यमंत्री कन्यादान योजना द्वारा 5 लाख से अधिक जोड़ों का विवाह, निकाह, परिणय उत्सवपूर्ण वातावरण में संपन्न किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों बालिकाओं को शिक्षार्जन करने विद्यालय जाने हेतु साइकिल प्रदान की गई हैं। इन योजनाओं से प्रदेश में महिला पुरुष लिंगानुपात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में लिंगानुपात 927 से बढ़कर के 956 हो गया है जो स्वस्थ समाज के निर्माण में आवश्यक है। शिवराज सिंह चौहान, सभी धर्मों के लाखों वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से तीर्थ यात्रा संपन्न करा श्रवण कुमार बन गए हैं। अगले चरण में वायुमार्ग द्वारा हवाईजहाज से तीर्थ यात्रा कराएँगे। लाखों छात्रों को मेधावी छात्रवृत्ति योजना के द्वारा एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया है। पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भी अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं जो सामाजिक समरसता का आधार है । मध्य प्रदेश की 4 करोड़ से अधिक जनसंख्या को खाद्य सुरक्षा प्रदान की गई है ।

शिवराज सरकार में लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मध्यप्रदेश में हुआ है । प्रदेश में उद्योग धन्धों का जाल स्थापित हुआ है । 6 लाख से अधिक व्यावसायिक इका-ईयां प्रदेश में स्थापित हुई हैं । विगत कुछ माह में ही 28 लाख से अधिक लाभार्थियों को 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गये हैं । उद्यमशीलता को दुरुत गति से बढ़ाया है । आने वाले वर्ष में एक लाख से अधिक शासकीय पदों पर नौकरियां में भर्ती की जा रही है । यह सब शिवराज के रामराज का द्योतक है । राम काज कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम

आपकी यह भावना और प्रबल हो ।

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर अयोध्या में कड़ी सुरक्षा

**अयोध्या ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रविवार को होने वाले अयोध्या दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। रामकथा पार्क में आयोजित किए जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मेहमानों, राजनयिकों, केंद्रीय मंत्रियों और मशहूर हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। मोदी के अयोध्या में चार घंटे से अधिक समय बिताने की उम्मीद भी जताई जा रही है।पुलिस साकेत इंटर कलेज, राम कथा पार्क और राम की पैड़ी के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा कर रही है।साकेत इंटर कलेज, जहां पीएम मोदी का हेलीकप्टर उतरेगा, वहां से कार्यक्रम स्थल जाने वाले मार्गो पर यातायात को व्यवस्थित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पूरा इलाका दूसरे वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

उधर, अयोध्या के दुकानदारों ने वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें अपनी चिंता से अवगत कराया और आग्रह किया कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे उनका कारोबार न प्रभावित हो।

अयोध्या व्यापार मंडल के अध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि दीपोत्सव कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ हो, लेकिन त्यौहार व कारोबार का समय होने के कारण प्रशासन को हमें 23 अक्टूबर तक जगह उपलब्ध कराना चाहिए।

## यूपी में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एसएसएफ की निगरानी में होगी

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गठित विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) जल्द ही राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों, धार्मिक केंद्रों, उच्च न्यायालय और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगा। फिलहाल इन जगहों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्धसैनिक बलों के जवान पर है।

अधिकारियों ने बताया कि, एसएसएफ में पुलिसकर्मियों और पीएसी जवानों की भर्ती की जा रही है। एसएसएफ की तैनाती लखनऊ प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या और मथुरा जिलों में की जा रही है।

प्रयागराज में पीएसी की चौथी बटालियन के कमांडेंट प्रताप गोपेंद्र ने कहा, इस समय हम फ्रेशर्स की भर्ती नहीं कर रहे हैं। इसके बजाय उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी के जवान एसएसएफ में तैनात हैं। अब तक 150 जवानों को स्पेशल फोर्स में शामिल किया गया है।

सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एसएसएफ को विशेष शक्तियों से लैस किया गया है, जिसमें बिना वारंट के छापेमारी करने और गिरफ्तारी करने का अधिकार भी शामिल है।

## आंध्र में समुद्र में चार छात्र डूबे

**बापटला ,(एजेंसी)।** आंध्रप्रदेश में वेतापलम मंडल के रामपुरम समुद्र तट पर इंजीनियरिंग कलेज के चार छात्र डूबने की घटना सामने आयी है।

पुलिस ने आज यहां बताया कि जीवीआर इंजीनियरिंग कलेज के सात इंजीनियरिंग छात्रों का एक समूह दोपहर में समुद्र तट पर गया था। उनमें से चार छात्र तैरने के लिए समुद्र में चले गए इस दौरान एक विशाल लहर की चपेट में आकर समुद्र में डूब गये। छात्र महादेव का शव समुद्र से निकाला लिया गया। विधायक कर्णम बलराम ने समुद्र तट का दौरा किया और अधिकारियों से दुखद घटना की जानकारी ली। अन्य तीन इंजीनियरिंग छात्रों की पहचान रमना, गौतम और रोहित के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि अब तक एक शव बरामद हुआ है शेष तीन का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है।उल्लेखनीय है कि चार अक्टूबर को इसी तरह की घटना में सूर्यलंका समुद्र तट पर छह किशोर डूब गये थे।

# कंजर्वेटिव पार्टी के लिए आसान नहीं होगा नए पीएम का चुनाव, चुन भी लिया तो सामने चुनौतियों का पहाड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद संभावित दावेदारों को लेकर अटकलों का दौर जारी है। समाचार एजेंसी रायटर ने अपनी रिपोर्ट में बोरिस जनसन (ठवतपे श्रवीदेवद) और ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ाषि सुनक को संभावित दावेदारों में सबसे अग्रणी बताया है। इसकी कई वजहें बताई जा रही हैं। हालांकि दावेदारों को सोमवार तक कंजर्वेटिव सांसदों से 100 वोट हासिल करने होंगे, ताकि वे आगे की प्रतियोगिता में बने रह सकें। आइए इस रिपोर्ट में जानें ब्रिटेन के सियासी गलियारों से क्ध्या संकेत मिल रहे हैं और कंजर्वेटिव पार्टी के लिए नया पीएम चुनना कितना चुनौतीपूर्ण है।

लिज ट्रस का उत्तराधिकारी चुनने के लिए कंजर्वेटिव पार्टी में नामांकन प्रक्रिया गुरुवार शाम से शुरू हो गई। यह प्रक्रिया सोमवार दोपहर दो बजे तक जारी रहेगी। अगर दो से ज्यादा उम्मीदवारों ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन पत्र भरे तो उन्हें दो प्रत्याशी होने तक वोटिंग होगी। इसके बाद दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा और विजयी प्रत्याशी प्रधानमंत्री बनेगा। यह प्रक्रिया 28 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। अगर एक ही नामांकन प्राप्त हुआ या किसी प्रत्याशी पर आम सहमति बन गई तो मतदान नहीं होगा और पहले ही उसका नाम प्रधानमंत्री पद के लिए घोषित कर दिया जाएगा।

संभावित दावेदारों के बीच से विजेता की घोषणा सोमवार या अगले शुक्रवार को की जाएगी। बोरिस जनसन और ाषि सुनक को प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। विश्ध्लेषकों का कहना है कि बोरिस जनसन अगला आम चुनाव जीत सकते हैं लेकिन उन पर जिस तरह से आरोप लगे हैं उससे यह भी हो सकता है कि वे कंजर्वेटिव सांसदों के 100 मतों की सीमा तक न पहुंच पाएं। हालांकि जनमत सर्वेक्षणों में कहा गया है कि यदि अभी राष्ट्रीय चुनाव करा दिए जाएं तो मुमकिन है कि सभी कंजरवेटिव दिग्घ्गज हार जाएं।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट कहती है कि बोरिस जानसन यदि सत्ता में वापसी करते हैं तो यह ब्रिटेन की सियासत के लिए श्हास्यास्पदश स्थिति होगी। वहीं सट्टेबाजों के पूर्वानुमानों में ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ाषि सुनक सबसे प्रबल दावेदार के तौर पर उभर रहे हैं जबकि जनसन को दूसरे स्ध्थान पर बताया जा रहा है। तीसरे स्थान पर पेनी मोर्डट का नाम आ रहा है जो पूर्व रक्षा मंत्री हैं। पेनी मोर्डट पार्टी के सदस्यों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। पिछली बार पेनी मोर्डट तीसरे स्थान पर आए थे।

ऋषि सुनक जिन्होंने लिज ट्रस की वित्तीय योजना से अर्थव्यवस्था को खतरा बताया था, साथ ही बोरिस जनसन के खिलाफ विद्रोह को हवा देने में मददगार भूमिका निभाई थी, उनके चयन में समस्ध्या यह है कि वह अभी भी पार्टी के कुछ सदस्यों के बीच अलोकप्रिय बने हुए हैं। यानी ाषि सुनक और बोरिस जनसन लोकप्रिय होने के बावजूद पार्टी के भीतर में प्रतिकूल स्थितियों का सामना कर रहे हैं। पेनी मोर्डट (च्मददल डवतकंनदज) को एक नए चेहरे के रूप में देखा जा रहा है लेकिन लोकप्रियता के मामले में जानसन और सुनक से पीटे हैं। यही कारण है कि कंजर्वेटिव पार्टी के लिए नया पीएम चुनना बेहद चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

मजेदार बात यह कि इनमें से किसी दिग्घ्गज ने अभी तक अपनी उम्घ्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की है। मौजूदा वक्ध्त में ब्रिटेन के सियासी तापमान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2016 के ब्रेक्सिट वोट के बाद यह बेहद अस्थिर नजर आ रही है। भले ही कंजर्वेटिव पार्टी के पास संसद में बड़ा बहुमत है और अगले दो साल तक उसके आम चुनाव में जाने की संभावना नहीं है, लेकिन विपक्षी दलों, कुछ अखबारों और यहां तक कि उसके कुछ सांसदों ने भी आम चुनाव कराए जाने की जरूरत बताई है।

वहीं विश्लेषकों का कहना है कि ब्रिटेन की कमान जो भी संभाले उसके सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा होगा। नए नेता को एक ऐसी अर्थव्यवस्था विरासत में मिलेगी जो मंदी की ओर बढ़ रही है। देश में बढ़ती ब्याज दरों और 10ः से अधिक मुद्रास्फीति के साथ लाखों लोगों को जीवन-यापन की दुश्घ्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा सर्वेक्षणों से पता चला है कि ब्रिटिश कारोबारियों ने अपने खर्चों पर लगाम लगाई है। वहीं सार्वजनिक उधारी के उम्मीद से बदतर आंकड़े गंभीर आर्थिक चुनौतियों का इशारा कर रहे हैं।

## पाक सेना की नई चाल व्हाट्सएप आतंक, भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत में आतंकी मनोविति फैलाने के लिए सोशल मीडिया टूल्स को हथियार बनाने वाला एक नया आतंकवादी गेम फेस लन्च किया है और त्योहारों के मौसम को देखते हुए भारत सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। इस साल अगस्त की शुरूआत में, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तान से एक व्हाट्सएप संदेश मिला था जिसमें इस साल मुंबई हमले की चेतावनी दी गई थी। हालांकि मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है, सरकार ने दहशत को फैलने से रोकने के लिए सभी प्रयास किए।

नवंबर 2008 में हुए मुंबई हमलों ने दुनिया भर में अत्यधिक चिंता पैदा कर दी थी। इस हमले को पाकिस्तान के 10 आतंकवादियों ने अंजाम दिया था, जिन्हें पाकिस्तानी सेना के एजेंटों द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। कई आईएसआई और सेना के अधिकारी हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में शामिल थे, इस हमले में विदेशियों समेत करीब 170 लोगों की मौत हो गई थी। तब से, पाकिस्तान द्वारा इसी तरह के हमले को अंजाम देने की आशंका हमेशा बनी रहती है। हालांकि, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), एक ज्ञात वैश्विक आतंकवादी संगठन, जो पाकिस्तान सेना से जुड़ा हुआ था, उसे हमले में शामिल पाया गया था, इसके किसी भी नेता या कैडर पर मुंबई हमलों के लिए मुकदमा नहीं चलाया गया था। हमलों में उनकी संलिप्तता के विश्वसनीय सबूतों के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया।

इसलिए, नवीनतम संदेश ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच काफी चिंता पैदा कर दी, जिन्होंने स्पष्ट रूप से लाहौर के एक कार्यालय में व्हाट्सएप संदेश का पता लगाया है। धमकी भेजने के लिए कुछ दिनों के लिए व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया था।

## पीके ने कहा था- नीतीश पीएम बने तो लालू का केस होगा रफा-दफा

### आरजेडी नेता का बड़ा दावा

**पटना, एजेंसी।** जन सुराज यात्रा निकाल रहे प्रशांत किशोर और जेडीयू व आरजेडी के नेताओं के बीच जारी बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब आरजेडी नेता शिवानंद तिवारी ने बड़ा दावा किया है। शिवानंद तिवारी ने कहा है कि प्रशांत किशोर की पहल पर उनसे मुलाकात भी हुई है, जब वे नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने का अभियान चला रहे थे। शिवानंद तिवारी ने दावा किया है कि पीके का कहना था कि आरजेडी और जेडीयू मिल जाएंगे तो बिहार और झारखंड के 54 लोकसभा सीटों में से कम से कम 48-50 सीट तक जीत सकते हैं।

आरजेडी नेता ने आगे कहा कि उनके (प्रशांत किशोर) अनुसार अगले लोकसभा चुनाव के बाद पहले, दूसरे स्थान पर आने वाली पार्टी की सरकार नहीं बनेगी। तीसरे स्थान पर हमारी पार्टी रहेगी और इसकी सरकार बनने की संभावना प्रबल है। नीतीश जी प्रधानमंत्री बन जाएंगे तो लालू जी का मामला भी रफा दफा हो जाएगा। पीके अपनी इस योजना को लेकर लालू प्रसाद से भी मिले थे। लालू जी ने भी प्रशांत को यही कहा था कि यह सब उसी हालत में संभव है जब नीतीश भाजपा गठबंधन से बाहर आ जाएं। शिवानंद तिवारी ने कहा कि पदयात्रा का मकसद धीरे-धीरे साफ होता जा रहा है। बिहार की दोनों खेमों की राजनीति से अलग एक नई राजनीति की शुरुआत के मकसद से शुरू की गई यह पदयात्रा नीतीश विरोध की राजनीति में बदलती जा रही है। प्रशांत की पदयात्रा गांधी वाली पदयात्रा नहीं है। बल्कि गांधी की आड़ लेकर वे उनलोगों की मदद कर रहे हैं जो नफरत की राजनीति कर रहे हैं। गांधी का नाम तो शायद प्रशांत के लिए अपने असली चेहरे को टुपाने का एक ढोंग है।वहीं दूसरी ओर प्रशांत किशोर के एक बयान को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें कोई कमेंट नहीं करना है। प्रशांत किशोर के उस बयान पर सीएम नीतीश से सवाल पूछा गया था जिसमें पीके ने कहा था कि नीतीश कुमार एनडीए के संपर्क में हैं।

## मुरैना में अवैध रुप से पटाखा बनाने के मामले में एक युवक गिरफ्तार

**मुरैना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से हुई कई लोगों मृत्यु के बाद आज एक अवैध पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मार बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बानमौर कस्वे में कल पटाखा फेक्ट्री में विस्फोट से हुई मौतों के बाद आज एक अवैध पटाखा बनाने बाली फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में पटाखा बनाने बाला विस्फोटक ( सामग्री ) बरामद कर इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सिलायथा गांव में आसिम खान नामक युवक अवैध पटाखे बनाने एवं बिक्री करने का काम करता है। मुखबिर की सूचना के आधार पर आसिम खान निवासी सिलायथा के घर पर दविश दी तो कमरे में करीब ढाई हजार तैयार पटाखे और 5000 पटाखे बनाने वाले खाली कोखे व साथ ही 5 किलो बारूद भी जप्त की गई है।

## दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर लगा 7 किमी लंबा जाम, बाजारों में उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली के त्योहार के मददेनजर दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर भारी भीड़ है। ज्यादातर मार्केट से सटी मुख्य सड़कों पर खरीददारी करने वाले लोगों के कारण भीड़ होने से जाम की समस्या है।



वहीं, एनसीआर के गुरुग्राम में वाहनों के पहिए उस समय थम गए जब सिरहौल बर्डर से सिग्नेचर टावर तक दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर करीब 7 किलोमीटर लगा लंबा जाम लग गया। ऐसे में लोग कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। हालांकि पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

दरअसल, दिवाली और धनतेरस की खरीदारी के लिए रोजाना बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। जिससे सड़कों पर वाहनों की तादाद काफी अधिक बढ़ गई है।

शुक्रवार को दिल्ली के आइटीओ चौराहा, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार, मजनूं का टीला, शास्त्री पार्क, अक्षरधाम, एनएच-9, पीरागढ़ी चौक, आजादपुर चौक, वेलकम चौक, सिग्नेचर ब्रिज, मधुबन चौक, राजा गार्डन चौक, द्वारका चौक, दयाराम चौक, आली गांव, खजूरी चौक, बदरपुर सहित दिल्ली के विभिन्न इलाकों में भीषण जाम लग गया। इससे लोगों को दस मिनट की दूरी तय करने में घंटों का समय लगा।

डीटीसी में बसों में बैठे लोग घंटों जाम में फंसने की वजह से बसों से उतरकर पैदल चलने को मजबूर हुए। करोल बाग में भी चक्का जाम के कारण भीषण जाम लग गया। देरी के कारण मजबूर होकर दो पहिया वाहन चालकों को फुटपाथ पर चलने को मजबूर होना पड़ा।

कोरोना संक्रमण के दो साल बाद बाजारों में लोगों की भीड़ है। दिवाली के त्योहार की खरीददारी को लेकर सबसे ज्यादा भीड़ दिल्ली की लाजपत नगर मार्केट में देखने को मिली। यहां मार्केट की भीड़ की लोगों ने सोशल मीडिया पर भी तस्वीर शेयर की है। हालांकि दुकानदारों का कहना है कि खरीदारी करने वाले लोगों से मास्क पहनकर आने की अपील की गई है। लेकिन दिवाली की खरीदारी को लेकर भीड़ के आगे कोई नियम फलो नहीं हो रहे हैं।

दीवाली के चलते सड़कों पर बढ़ रही वाहनों की संख्या से शुक्रवार को दिल्ली एनसीआर की हवा में प्रदूषण का स्तर और बढ़ गया। वाहनों के धुएं से दिल्ली के चार इलाकों की हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। इन जगहों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार चला गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 262 रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है।

बृहस्पतिवार को यह 232 था। 24 घंटे के भीतर ही इसमें 30 अंकों की बढ़ोतरी हो गई। वहीं, दिल्ली के चार इलाके ऐसे हैं जहां एयर इंडेक्स 300 को पार करके बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। इसमें वजीरपुर, मुंडका, आनंद विहार और एनएसआईटी द्वारका शामिल हैं। वहीं एनसीआर के शहरों में एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 312, गाजियाबाद का 300, ग्रेटर नोएडा का 246, गुरुग्राम का 242 एवं नोएडा का 258 दर्ज किया गया। सफर का अनुमान है कि अगले तीन-चार दिनों के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद कम ही है।

# 1962 के भुला दिए गए युद्ध को अचानक क्यों याद कर रहा चीन ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद दशकों पुराना है। लेकिन 1959 के तिब्बती विद्रोह के बाद जब भारत ने दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने भारत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसके चलते 20 अक्टूबर 1962 को दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध शुरू हो गया। चीन की सेना ने 20 अक्टूबर 1962 को लद्दाख में और मैकमोहन रेखा के पार एक साथ हमले शुरू किए। दुर्गम और बर्फ से ढकी पहाड़ियों का इलाका होने के कारण भारत ने वहां जरूरत भर के सैनिक तैनात किए थे, जबकि चीन पूरे लाव-लश्कर के साथ जंग के मैदान में उतरा था, लिहाजा यह युद्ध भारतीय सेना के लिए एक टीस बनकर रह गया।

चीन में इस युद्ध को भुला दिया गया था लेकिन अब इसे एक नए सिरे से याद किया जा रहा है।



भारत-चीन युद्ध की 60वीं वर्षगांठ पर चीन की सेना और मीडिया एक ऐसे युद्ध पर नए सिरे से ध्यान दे रहे हैं जिसे पहले आधिकारिक चीनी सैन्य इतिहास में काफी हद तक दरकिनार कर दिया गया था। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अपनी 95वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक प्रदर्शनी में युद्ध का प्रदर्शन किया है, साथ ही ष्चीन-भारत बर्डर सेल्फ डिदें स काउंटरबैक पर सौ प्रश्नष शीर्षक से युद्ध का एक नया सैन्य इतिहास जारी किया है। चीन आधिकारिक तौर पर उस युद्ध को अपने कार्यों को सही ठहराने के लिए ष्जवाबी हमलाष बताता है।

बीजिंग के सैन्य संग्रहालय में पीएलए प्रदर्शनी, युद्ध के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराती है। चीनी प्रदर्शनी में लिखा है, चीन और भारत ने अपने अतीत में कभी भी औपचारिक रूप से अपनी सीमाओं का सीमांकन नहीं किया है। दोनों पक्षों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के अनुसार केवल एक पारंपरिक प्रथागत रेखा बनाई गई है। अगस्त 1959 के बाद, भारतीय सेना ने कई बार चीनी क्षेत्र पर आक्रमण किया, जिससे सशस्त्र सीमा संघर्ष हुआ।ष

इसमें आगे लिखा है, अक्टूबर 1962 में, भारतीय सेना ने बड़े पैमाने पर हमला किया और चीनी सीमा रक्षा बलों को आत्मरक्षा में वापस हमला करना पड़ा। यह 33 दिनों तक चला और सेना ने अगस्त 1959 के बाद भारतीय सेना के कब्जे वाले चीनी क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया।ष प्रदर्शनी में जून 2020 गलवान घाटी संघर्ष पर भी प्रकाश डाला गया है। चीनी सेना 1962 युद्ध पर नए सिरे से फोकस कर रही है। यह संबंधों में गिरावट और बढ़ते सीमा विवाद को दर्शाता है। युद्ध को कभी-कभी चीनी पर्यवेक्षकों द्वारा ष्भूले हुएष युद्ध के रूप बताया जाता रहा है। चीनी लोगों का मानना है कि 1962 युद्ध को जापानी कब्जे या कोरियाई युद्ध जितना अटेंशन नहीं मिला। ये युद्ध चीनी टेलीविजन नाटकों और फिल्मों का एक प्रमुख केंद्र रहे हैं।

## चीन बार्डर के पास सेना का रुद्र हेलिकॉप्टर कैश , 16 दिन में दूसरी घटना

**सिंगिंग ,(एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले आज एक बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार यहां के सिंगिंग गांव के पास सेना का हेलिकप्टर रुद्र क्रैश होने की सूचना मिली है। इस घटना की एक वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जहां पर क्रैश होता हेलीकाप्टर साफ देखा जा सकता है। वीडियो में हेलीकाप्टर से ऊंची आग की लपटे भी निकलती नजर आ रही है।

## बाइक पर सवार दो युवकों की मौत

**अलवर ,(एजेंसी)।** राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना अंतर्गत श्याम गंगा मार्ग पर अवैध खनन से लदे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर लगने के बाद भागते ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक देवेंद्र सिंह राजपूत और साहिल गांव विलेटा के रहने वाले हैं। दोनों दोस्तों ने 12वीं कक्षा की पढ़ाई के लिए अलवर में दाखिला लिया और किराए का कमरा ले कर रहते थे।

## देश में नफरत का माहौल, हेट स्पीच पर करें कार्रवाई नहीं तो होगा एक्शनः सुको

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कथित नफरत के माहौल से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुखों को किसी भी धर्म के व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी हेट स्पीच इवेंट के खिलाफ स्वतरू संज्ञान लेकर मामला दर्ज करने के कड़े आदेश दिए और चेतावनी भी दी कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस केएम जोसेफ और हृषिकेश रय की बेंच ने कहा, यह 21वीं सदी है। हमने भगवान को कितना छोटा बना दिया है। अनुच्छेद 51 कहता है कि हमें वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिए और धर्म के नाम पर यह दुखद है। कोर्ट ने यह भी कहा कि देश में नफरत का माहौल बन गया है।



जनहित याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने कहा, शिकायत बहुत गंभीर लगती है, क्योंकि देश में नफरत का माहौल बन गया है। मामले की जांच की जरूरत है। हमें लगता है कि न्यायालय को मौलिक अधिकारों की रक्षा करने और कानून के शासन को बनाए रखने का काम सौंपा गया है। पुलिस प्रमुख - दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड - क्या कार्रवाई की गई है, इस पर रिपोर्ट देंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि जब कोई भी भाषण भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी, 295ए और 505 के तहत प्रावधानों को आकर्षित करता है, तो बिना किसी शिकायत के अपराधियों के खिलाफ स्वतरू कार्रवाई की जाए।

कोर्ट ने आगे यह स्पष्ट किया कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर कार्रवाई करने में प्रतिवादियों की ओर से किसी भी अक्षमता को न्यायालय की अवमानना के रूप में देखा जाएगा। तीन पुलिस प्रमुखों को निर्देश देते हुए, बेंच ने कहा, प्रतिवादी किसी भी धर्म के लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त आदेश पारित करेंगे, ताकि देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बचाया जा सके।ष

याचिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसद सदस्य के एक बयान का भी जिक्र किया गया है, जिन्होंने मुसलमानों के सामाजिक बहिष्कार और अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया था। बेंच ने कहा, ये बयान निश्चित रूप से उस देश के लिए बहुत कड़े हैं, जो लोकतंत्र और धर्म-तटस्थ होने का दावा करता है।श वहीं, सुनवाई के आखिर में सिब्बल ने कोर्ट से कहा, कम से कम किसी ने तो हमारी बात सुनी. याचिका में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे भाषणों की अलग-अलग घटनाओं की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि कुछ मामलों में कार्यक्रमों के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन भाषण देने वालों के खिलाफ नहीं।

# बड़े मंच पर पाकिस्तान से टक्कर लेना अद्वितीय अनुभव : पंत



मेलबर्न ,भारत के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि बड़े मंच पर पाकिस्तान का मुकाबला करना अद्वितीय अनुभव है और आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में रविवार को वह दोबारा यह अनुभव लेना चाहेंगे। भारत और चिर–प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के बीच जारी लड़ाई का अगला अध्याय रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में लिखा जाएगा। दोनों टीमें करीब एक लाख लोगों के सामने इस मैच के साथ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगी।

पंत ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है क्योंकि उस मैच को लेकर हमेशा की तरह विशेष उत्साह है। इसमें न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रशंसकों के लिए भी बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। यह एक अलग तरह का एहसास है।

बतौर विकेटकीपर भारतीय एकादश में जगह बनाने के लिये पंत का मुकाबला दिनेश कार्तिक से है, हालांकि टीम प्रबंधन मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को टीम में जगह दे सकती है। पंत ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गये टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व किया था जहां उन्होंने 26 गेंदों पर 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी।

पंत ने कहा, जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो आपके चारों तरफ अलग तरह का माहौल होता है। चारों ओर दर्शक आपकी हौसला अफजाई करते हैं। जब हम अपना राष्ट्रगान गा रहे थे, तो वास्तव में मेरे रोंगटे खड़े हो गए।

टी20 विश्व कप में पिछले साल की भिड़ंत एकतरफा रही थी। मोहम्मद रिजवान और बाबर आज़म की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान को 10 विकेट की जीत का उपहार देने के लिए भारत के 151/7 के स्कोर को बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया।

यह मैच भले ही कई भारतीय खिलाडियों और प्रशंसकों की याददाश्त से जल्दी मिट गया हो, लेकिन पंत को अब भी तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ की गई 53 रनों की साझेदारी और अपनी 39 रनों की तेज पारी याद है। पंत ने कहा, मुझे याद है कि मैंने हसन अली को एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। हम शुरुआती विकेट गिरने के बाद सिर्फ रन रेट बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। मैंने उसे (हसन) दोनों छक्के एक हाथ से मारे, जो मेरा विशेष शॉट है।

पंत को उम्मीद है कि उन्हें इस रविवार को एमसीजी में कोहली के साथ एक और यादगार साझेदारी करने का मौका मिलेगा।

पंत ने कहा, वह (कोहली) आपको विशेष परिस्थितियों से निकलना सिखा सकते हैं। हमेशा की तरह उनके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है। आपके साथ बल्लेबाजी करने का बहुत अनुभव रखने वाला व्यक्ति होना चाहिये क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है।

## न्यूजीलैंड मुकाबले से पहले आरोन फिंच ने कहा– बैकअप विकेटकीपर के बजाय ग्रीन का चयन जोखिम भरा

सिडनी, आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को कहा कि टी–20 विश्व कप के लिए बैकअप विकेटकीपर के बजाय आलराउंडर कैमरून ग्रीन का चयन कर टीम ने जोखिम लिया है। ग्रीन को गुरुवार को चोटिल रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश की जगह आस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया था। फिंच ने कहा, 'हमने जोखिम लिया है कि अतिरिक्त विकेटकीपर को नहीं लिया। इसमें निश्चित रूप से थोड़ा जोखिम शामिल है, लेकिन हमें लगता है कि ग्रीन हमें टीम में थोड़ा बेहतर संतुलन देगा।'

ग्रीन को बतौर कवर रखा गया है : फिंच

उन्होंने कहा कि ग्रीन को बतौर कवर रखा गया है और वह शनिवार को न्यूजीलैंड के विरुद्ध शुरुआती मैच में नहीं खेलेंगे। इस फैसले के पीछे कारणों के बारे में पूछने पर फिंच ने कहा,'हमने कुछ आंकड़े देखे और मुझे लगता है कि टी–20 क्रिकेट में बीते समय में 0 .5 प्रतिशत ही ऐसा मौका आया है, जब विकेटकीपर मैच के दिन बाहर हुआ है।'

उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि अगर मैच से पहले कुछ होता है और इससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है जैसे ट्रेनिंग के दौरान तो तब भी इससे निपटने के लिए काफी समय रहेगा। इसके पीछे यही कारण था। यह निश्चित रूप से जोखिम है। इसमें कोई शक नहीं है, लेकिन हम एक तेज गेंदबाज, बल्लेबाज और एक आलराउंडर का कवर करने की तुलना में शायद इस जोखिम को लेने के लिए तैयार हैं। अगर मैथ्यू वेड चोटिल हो जाते हैं तो डेविड वार्नर के विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना है।

# साजन के बाद विकास, नितेश ने भी जीते पदक



पोंटवेंद्रा ,भारत के युवा पहलवान विकास और नितेश ने अंडर–23 विश्व चैंपियनशिप की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में देश के लिये दो और कांस्य पदक अर्जित किये हैं। विकास ने 72 किग्रा वर्ग का कांस्य पदक जीतने के लिये जापान के डाइगो कोबायाशी को 6–0 से मात दी। शुरुआती दौर में किर्गिज़स्तान के आदिलखान नुर्लान्बेकोव (11–0) और स्पेन के मार्कोस सैन्शेज़ (10–1) को हराने के बाद विकास ने सेमीफाइनल में क्रोएशिया के पावेल पुकलावेक (0–9) से हारकर कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया था।दूसरी ओर, नितेश ने 97 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के लिये ब्राज़ील के इगोल एल्वेस डी चेरेज़ को तकनीकी आधार पर 10–0 से मात दी। नितेश ने शुरुआती दौर में स्पेन के होज़े फर्रांडिज़ को 10–2 से जबकि मिस्त्र के समी अल–सैयद अली को 10–5 से हराया था। चर्टरफाइनल में हंगरी के एलेक्स ज़ोके से 0–8 से हारने के बाद उन्होंने रेपेचेज में वापसी की और सर्बिया के लुका कैटिक (13–4) को मात देकर कांस्य पदक मच में प्रवेश किया।इससे पहले साजन भानवाला मंगलवार को कांसे का तमगा जीतकर प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बन गये थे। उन्होंने 77 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक मैच में यूक्रेन के दमित्रो वेसत्सकी को शिकस्त दी थी। भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने पहली बार विश्व अंडर–23 चैंपियनशिप में तीन पदक जीते हैं।



# मेंडिस का अर्द्धशतक, श्रीलंका ने बनाये 162



जीलॉन्ग श्रीलंका ने कुसल मेंडिस (79) के अर्द्धशतक की बदौलत टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर के मैच में नीदरलैंड के सामने 163 रन का लक्ष्य रखा। मेंडिस ने 44 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों के साथ 79 रन बनाये।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने धीमी शुरुआत के बाद पिछले मैच के अर्द्धशतकवीर पथुम निसांका को 14(21) रन के स्कोर पर गंवा दिया। वैन मीकरन (25/2) ने अगली ही गेंद पर धनन्जय डी सिल्वा को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। चरिता असलंका (31) ने मेंडिस के साथ मिलकर श्रीलंका की पारी को संबल दिया और तीसरे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की।

# चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हुए चमीरा

जीलॉन्ग ,श्रीलंका के तेज़ गेंदबाज़ दुष्मंता चमीरा पिंडली की चोट के कारण शेष आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

चमीरा इससे पहले पिंडली की चोट के कारण एशिया कप 2022 में भी हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि पूर्णतः फिट होने के बाद उन्हें विश्व कप टीम में शामिल किया था।

चमीरा ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप–ए मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर श्रीलंका की 79 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने 3.5 ओवरों में 15 रन देकर तीन विकेट लिये, हालांकि चोट के कारण वह अपना चौथा ओवर पूरा नहीं कर सके और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।



बल्लेबाज दनुष्का गुनतिलका और तेज़ गेंदबाज़ प्रमोद मदुशन भी मांसपेशी की चोट से जूझ रहे हैं। यह नामीबिया के खिलाफ पहला मैच हारने वाली श्रीलंका के लिये चिंता का विषय है क्योंकि उन्हें सुपर–12 में जगह बनाने के लिये गुरुवार को नीदरलैंड पर हर हाल में जीत दर्ज करनी है।

# डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में सात्विक–चिराग की जोड़ी



ओडेंसा ,सात्विक साई राज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने डेनमार्क ओपन में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए चर्टरफाइनल में कदम रखा।विश्व की नंबर आठ जोड़ी ने इंडोनेशिया के मुहम्मद फिकरी और मौलाना बगस को 36 मिनट चले प्री–चर्टर-फाइनल मैच में 21–14, 21–16 से मात दी।इससे पहले सात्विक–चिराग की जोड़ी ने शीर्ष–32 दौर में दक्षिण कोरिया के कैंग मिन ह्युक और सियो स्यूंग जै को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।इसी बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी शीर्ष–16 मुकाबले में थाईलैंड की जे कितिथरक और रविंदा प्रजोंग्जई से 23–21, 21–13 के सीधे गेमों में हारकर डेनमार्क ओपन से बाह हो गई है।

# फिल्मी गपशप

## ग्रीस में एन्जॉय कर रही श्रुति हासन, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें



मशहूर एक्ट्रेस श्रुति हासन, जो काम के सिलसिले में ग्रीस में हैं, अपने दिनों को काफी एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस खूबसूरत जगहों की तलाश कर रही है और सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के साथ शेयर कर रही हैं।एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, किसी जगह को जानना एक खूबसूरत चीज है।श्रुति को ट्रैवल करना बेहद पसंद है और वह अक्सर अलग–अलग जगहों से तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। ग्रीस दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है और एक्ट्रेस यहां की संस्कृति और खाने का भरपूर आनंद ले रही हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, श्रुति के पास सालार, चिरू 154 और एनबीके 107 जैसी फिल्में हैं। इनके अलावा कुछ अन्य प्रोजेक्ट्स की घोषणा जल्द ही की जाने वाली है।अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर श्रुति ने कहा, मैं सचमुच इन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटिड हूं, क्योंकि मैं जिन किरदारों को निभा रही हूं और जिन लोगों के साथ मैं काम कर रही हूं, वह काफी मजेदार है।श्रुति ने कहा, मैं गोपीचंद मालिनेनी के साथ तीसरी बार काम कर रही हूं। मुझे केजीएफ में प्रशांत सर का काम पसंद आया और मुझे लगता है कि उनकी कल्पना एक दर्शक और अभिनेता के रूप में शानदार एहसास दिलाते है।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं इन फिल्मों में काम करते हुए अपने जीवन का सबसे अच्छा समय बिता रहा हूं, क्योंकि दोनों किरदार (सालार और एनबीके 107 में) एक दूसरे से बहुत अलग हैं।

## नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय पेशकश में धनुष स्टारर द ग्रे मैन

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स फिलहाल अपने काम को लेकर सुर्खियों में है। उसका कंटेंट लोगों को पसंद आ रहा है। नेटफ्लिक्स के सह–सीईओ और मुख्य कंटेंट अधिकारी टेड सारंडोस ने कहा है कि वह 2022 के लिए कंपनी के 17 अरब डॉलर के कंटेंट खर्च बजट के बारे में बेहतर महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है।सूत्रों ने कहा, नेटफ्लिक्स पर आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैं उस 17 अरब डॉलर के खर्च के बारे में बेहतर महसूस करता हूं क्योंकि हमें जो करना है वह किसी और की तुलना में खर्च किए गए प्रति अरब डॉलर पर अधिक प्रभाव प्राप्त करने के लिए बेहतर है। और इसी तरह हम इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है हम लगभग सही स्तर पर खर्च कर रहे हैं और जैसे ही हम राजस्व में तेजी लाते हैं, हम निश्चित रूप से उस संख्या पर फिर से विचार करेंगे। लेकिन हम इसके बारे में काफी अनुशासित समूह हैं।नेटफ्लिक्स ने विशेष रूप से इन क्यू3 शीर्षकों सबसे अधिक देखी जाने वाली श्रृंखला बताया रयान मर्फी सीमित श्रृंखला डामर: मॉन्स्टर: द जेफरी डेमर स्टोर, स्ट्रेंजर थिंग्स के चौथे सीजन की दूसरी छमाही, कोरियाई श्रृंखला एक्सट्राऑर्डिनरी अटॉर्नी वू और फिल्में द ग्रे मैन, जिनके स्टार लाइनअप में धनुष और पर्पल हार्ट्स शामिल थे।

## ऋतिक रोशन का फेवरेट चीट मील है समोसा



बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने परिवार के महत्व, अपने पसंदीदा चीट मील और खाली समय में अपनी पसंद की गतिविधियों के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेता ने जीवन में परिवार के महत्व के बारे में बात करते हुए, रेपोसो के शो रेड कार्पेट प्रीमियर पर लाइव कहा, परिवार ही जीवन है।यह वही है जो मुझे बनाता है। परिवार वे लोग हैं जिनके साथ मैं अपने जीवन का आनंद लेता हूं।अभिनेता ने आगे काम करने और जीवन संतुलन बनाए रखने तथा परिवार और काम को न मिलाने की एक मजबूत मानसिकता रखने पर जोर दिया। यह बताते हुए कि विक्रम वेधा एक अभिनेता के रूप में ऋतिक की 25वीं फिल्म है, उनसे स्क्रीन पर उनके सबसे पसंदीदा चरित्र के बारे में पूछा गया।ऋतिक ने कहा, बहुत ही कठिन सवाल। अगर मुझे यह कहना होता कि मुझे कौन सा किरदार करने में सबसे ज्यादा मजा आया, तो वह कबीर (वॉर 2019) और वेधा (विक्रम वेधा 2022) के बीच एक कठिन विकल्प होगा। वे दोनों समान रूप से उत्तेजक थे।खाली समय में अपनी गतिविधि के बारे में बात करते हुए, ऋतिक ने कहा, मुझे अपने खाली समय में पढना पसंद है।मुझे ऐसी जगह ढूंढना पसंद है जहां मैं बस बैठकर पढ़ सकूं। जब मैं पढ़ता हूं तो इसका मतलब है कि मैं तनाव मुक्त हूं। मैं केवल तभी पढ़ सकता हूं जब मेरा दिमाग पूरी तरह से मुक्त हो।एक अनुशासित फिटनेस उत्साही के रूप में जाने जाने वाले ऋतिक ने अपने पसंदीदा भोजन और गो–टू चीट भोजन के बारे में बात की।अभिनेता ने कहा, यह समोसा होना चाहिए, और विशेष रूप से जो आपको सिनेमाघरों में मिलता है। यह आश्चर्यजनक है कि मैं एक बार में कितना खा सकता हूं।1950 की फिल्म समाधि से आमिरबाई कर्नाटकी और लता मंगेशकर द्वारा गाए गए अपने पसंदीदा गीतों में से एक – गोरे गोरे ओ बांके छोरे को गाते हुए अभिनेता को उनके सबसे अच्छे रूप में देखा गया था।

## ईशा तलवार ने पूरी की मिर्जापुर 3 की शूटिंग



सुपर सक्सेस वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का फैंस को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार हैं. कुछ दिन पहले ही इस सीरीज में अहम किरदार अदा करने वाले एक्टर रशिका दुग्गल और विजय वर्मा अपने–अपने हिस्से की शूटिंग को पूरा कर चुके हैं. अब सीरीज में माधुरी भाभी के किरदार में दिख रहीं ईशा तलवार ने भी अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है. ईशा तलवार ने मिर्जापुर 3 की शूटिंग को पूरा कर लिया है. इस बात की उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके दी. ईशा मिर्जापुर सीजन 3 में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म की और फैंस को धन्यवाद बोला. शेयर तस्वीरों में एक्ट्रेस सफेद साड़ी में माधुरी भाभी के गेटअप में नजर आ रही हैं, साथ ही केक कटिंग करती हुई दिखाई दे रही हैं.मिर्जापुर 3 में ईशा मुन्ना भैय्या की विधवा के तौर पर नजर आएंगी. उनका किरदार काफी दबंग दिखने की उम्मीद है. कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता से टक्कर लेती हुईं नजर आएंगी. जैसे–जैसे मिर्जापुर सीजन 3 के किरदार अपने–अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर रहे हैं, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि बहुत जल्द इस सीरीज की रिलीज डेट को लेकर कोई बड़ा अपडेट आ सकता है. उम्मीद है कि सीरीज 2023 तक दर्शकों के सामने पेश कर दी जाएगी.

## तमिल वेब सीरीज 5678 18 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी

प्रतिभाशाली किशोरों की प्रेरक कहानी पर आधारित 5678 नामक एक नई तमिल वेब सीरीज 18 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। वेब सीरीज, जिसका निर्देशन विजय, प्रसन्ना जे.के., और मृधुला श्रीधरन ने किया है, और ए.एल. अलगप्पन हितेश ठाकुर द्वारा निर्मित है, का प्रीमियर 18 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा।रोमांचक, दिलचस्प और प्रेरक कहानी युवा और प्रतिभाशाली किशोरों – सेम्बा, विक्रम, दिनेश और स्वेता की यात्रा पर प्रकाश डालती है। एक विनम्र पृष्ठभूमि से आने वाले, ये व्यक्ति नृत्य करना पसंद करते हैं, लेकिन किसी पेशेवर प्रशिक्षण द्वारा समर्थित नहीं हैं। बच्चों को अपने कौशल को निखारते हुए देख करे ये युवा कलाकार अपने सपनों को सच करने और बाधाओं के खिलाफ लडने् का फैसला करते हैं।उनके सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब समुदाय का एक नया सदस्य केशव उनके साथ जुड़ जाता है। जी5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मनीष कालरा ने कहा, हमें दिलचस्प और प्रभावशाली कहानियां सुनाने के लिए तमिलनाडु के प्रतिभाशाली कहानीकारों के साथ सहयोग करने पर गर्व है।



जी5 पर, हमें विलंगु, फिंगरटिप 2, अनंतम जैसे शो के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। और 5678 के सफल लॉन्च की भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। सीरीज बाधाओं के खिलाफ जीतने के ध्ढ़ संकल्प और जुनून की एक शक्तिशाली कथा है। रचनाकारों और अभिनेताओं के एक प्रतिभाशाली और उत्साही समूह के साथ, हमें यकीन है कि यह दर्शकों से जुड़ेगा।

निर्देशक विजय ने कहा, युवा और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ 5678 पर काम करना एक खुशी की बात थी। इन मुक्त–उत्साही किशोरों से बहुत प्रेरणा मिली और सीरीज को फिल्माते समय वास्तव में कड़ी मेहनत की। और अब जब यह शो जी5 पर रिलीज हो रहा है, हम इस बात से उत्साहित हैं कि यह मजेदार और हल्का–फुल्का शो दुनिया भर के 190 से अधिक देशों में दर्शकों तक पहुंचता है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com